हि. ६६४
१४१६

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन सिद्धान्त भास्कर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संख्या.................. प्राप्ति-संख्या..........................

ग्रन्थ-कार्ड

श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान

ग्रन्थागार

नरिया, वाराणसी-५

थ नाम जैन-सिद्धान्त-भास्कर

खक भाग २६ किरण-१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Narla, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन पुरातत्त्व सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

वि० सं० २०३०, वीर निर्वाण सं० २४९९

भाग २६ जून १९७३ किरण १

५८०७८

श्री ग० दि० जैन (शोध) संस्थान ... ९१९६ ... नरिया, वाराणसी

परामर्श-मण्डल

प्रो० डॉ० ए० एन० उपाध्ये, एम० ए०, डी० लिट्०

सिद्धान्ताचार्य पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री

सिद्धान्ताचार्य पं० के० भुजबली शास्त्री

सम्पादक

डॉ० ज्योतिप्रसाद जैन, एम० ए०, एल-एल० बी०, पी-एच्० डी०

डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, एम० ए०, पी-एच्० डी०, डी० लिट्०

प्रकाशक

श्री सुबोध कुमार जैन, मन्त्री

श्री देवकुमार जैन ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट

(जैन-सिद्धान्त भवन)

आरा : बिहार

भारत में २०-०० रु० विदेश में ३०-०० रु० एक प्रति का १०-०० रु०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषय-सूची

१. जैन साहित्य में प्रतिपादित मगध-जनपद

—डॉ० प्रो० नेमिचन्द्र शास्त्री, एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्० ... १

२. अपभ्रंश की एक नवीन उपलब्ध रससिक्त रचना : 'पुण्णासवकहा'

—प्रो० डॉ० राजाराम जैन ... २१

३. कनककीर्ति रचित कषाय-जय-भावना

अनु०—श्री नेमिचन्द्र जैन, एम० ए०, साहित्याचार्य ...३१

४. प्राकृत भाषा का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ—कोष्टक चिन्तामणि

—श्री अगरचन्द नाहटा

५. भगवान् महावीर की अध्यात्म-देशना

—श्री पं० पन्नालाल जी, साहित्याचार्य ... ४६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन साहित्य में प्रतिपादित मगध जनपद

डॉ० प्रो० नेमिचन्द्र शास्त्री एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्०

जैन वाङ्मय में सोलह आर्यक्षेत्रों में मगध जनपद की गणना की गई है।[1] प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से इस जनपद का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इस जनपद ने कई सदियों तक राजनीति और धर्म पर शासन किया है। श्रमण, आजीवक और वैदिक सम्प्रदायों के संवर्द्धन, पोषण और जीवनदान के कार्य इस जनपद द्वारा होते रहे हैं। तीर्थंकर मुनि सुव्रतनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर की प्रवृत्तियों का यह प्रमुख केन्द्र रहा है। राजा बिम्बसार या श्रेणिक, अजातशत्रु, नन्दराजा, सम्राट् चन्द्रगुप्त, प्रियदर्शी राजा अशोक, सम्प्रति, शुङ्गवंश का सेनानी पुष्यमित्र एवं गुप्तवंश के राजाओं ने इस जनपद पर शताब्दियों तक शासन किया है।

इस जनपद की सीमा उत्तर में गंगा, दक्षिण में शोण नदी, पूर्व में अंग एवं पश्चिम में सघन जंगलों तक व्याप्त थी। एक प्रकार से आधुनिक दक्षिण बिहार प्राचीन मगध जनपद था। गया, पटना, शाहाबाद तथा हजारीबाग, मुंगेर और भागलपुर के कुछ अंश मगध की सीमा के अन्तर्गत थे।

ऋग्वेद की एक ऋचा में मगध को कीकट देश कहा है।[2] यास्क ने अपने निरुक्त में—"कीकटो नाम देशोऽनार्यनिवासः"[3]—कीकट प्रदेश को अनार्यों का निवासस्थान बतलाया है। महाभारत में इसकी सीमा पश्चिम में कर्मनाशा नदी

---

१. व्याख्या प्रज्ञाप्ति और बौद्धों के अंगुत्तरनिकाय में अंग, मगध, काशी, कोशल, वज्जि, मल्ल, चेदिवंश, कुश, पाञ्चाल, मच्छ, सूरसेन, अस्सक, अवन्ति, गन्धार और कम्बोज देशों के नाम आये हैं। अंगुत्तर० १, ३ पृ० १९७

२. ऋग्वेद ३।५३।१४

३. निरुक्त ६।३२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और दक्षिण में दमूद नदी तक बतलायी है। मगध का अभ्युदय और विकास शिशुनाग वंश के राजा बिम्बसार—श्रेणिक के समय से आरम्भ हुआ और गुप्त-काल तक इस जनपद की समृद्धि होती रही। धार्मिक और दार्शनिक दृष्टि से भी इस जनपद का महत्त्व अत्यधिक था। बौद्ध, जैन और वैदिक धर्म एवं दर्शन की विभिन्न शाखाएँ समानान्तर रूप में उन्नति करती गईं।

जैन साहित्य में मगध जनपद को तीर्थ माना गया है। दिग्विजय करने के पश्चात् भरत चक्रवर्ती का राज्याभिषेक मगध के पवित्र जल से किया गया था।[1] आज भी गया, पुनःपुनः नदी, च्यवनाश्रम एवं राजगृह वन की गणना पवित्र तीर्थों में की जाती है। मगध जनपद के निवासी प्रतिभाशाली, कर्त्तव्यपरायण एवं सेवाभावी बतलाये गये हैं। क्रान्ति एवं नवीन विचारधारा को प्रमुखता देने के कारण ही वैदिक साहित्य में मगध जनपद को आर्य संस्कृति से बहिर्भूत माना है।

मनुस्मृति के रचनाकाल पर्यन्त मगध की गणना मध्यदेश में नहीं की गई है। श्रमण साहित्य ने मगध जनपद को मध्यदेश की सीमा के अन्तर्गत स्थान देकर उसे आर्यदेश सिद्ध किया है। जैन लेखकों[2] ने मगध के वैभव, समृद्धि, संस्कृति, उदार विचार एवं जनजीवन का सजीव चित्रण कर उसका महत्त्व अंकित किया है। निश्चयतः प्राचीन काल में श्रमण संस्कृति और श्रमण विचारधारा का केन्द्र यह जनपद रहा है।

नगर और ग्राम

जैन वाङ्मय में इस जनपद के अन्तर्गत राजगृह, नन्दपुर, कुसुमपुर, पाटलिपुत्र, नालन्दा, चणकपुर, कुसाग्रपुर, जयन्तपुर आदि अनेक बड़े नगरों का और सुग्राम, शालिग्राम, कुम्भाग्राम, मोथाग्राम, कोल्लागसन्निवेश, जम्भिकग्राम, उदण्डपुर, गोबरग्राम, सर्वजखल, जम्बूखण्डग्राम, वाणिज्यग्राम, सुमंगलाग्राम,

---

१. व्याख्याप्रज्ञप्ति, पृ० ७३१।
२. हरिवंशपुराण ३।५१।५७; धवला टीका प्रथम भाग पृ० ६१।६२; तिलोयपण्णत्ति ४।५४५ तथा १।६६-६७; पद्मचरित ३३।२ तथा२।११३; महापुराण १।१९६; जम्बूस्वामी चरित ५।१३; मुनिसुव्रत काव्य १।३७-५४ तथा वसुदेव हिण्डी पृ० २.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुवर्णग्राम, धन्यपुर ग्राम, थूणागसन्निवेश, अचल ग्राम आदि ग्रामों का वर्णन आया है।

भविष्य ब्रह्मखण्ड में मगध जनपद में तीन हजार ग्रामों का उल्लेख आया है। इनमें सात ग्राम मुख्य बतलाये गये हैं।

मगध की प्राचीन राजधानी गिरिव्रज अथवा राजगृह नगरी थी। इस नगरी की समृद्धि का वर्णन समस्त जैन साहित्य में विद्यमान है। राजगृह के क्षितिप्रतिष्ठ, चणकपुर, ऋषभपुर और कुशाग्रपुर नाम भी आये हैं। राजगृह में गुणशिल, मण्डिकुच्छ और मोग्गरपाणि आदि अनेक चैत्य मन्दिर निर्मित थे। गुणसिल चैत्य ही आधुनिक गुणावा है।

राजगृह व्यापार का बड़ा केन्द्र था। यहाँ से तक्षशिला, प्रतिष्ठान, कपिलवस्तु, कुशीनगर आदि प्रसिद्ध भारतीय नगरों के जाने के मार्ग बने हुए थे। विविध तीर्थकल्प में राजगृह में छत्तीस हजार गृहों के होने का उल्लेख है। राजगृह के नगर सदा सुधा से पुते स्वच्छ और श्वेत दिखलायी पड़ते थे। उन्नत और विशाल अट्टालिकाएँ पथिकों के मन को आकृष्ट करती थीं। जैन साहित्य के वर्णनानुसार राजगृह का अभ्युदय कई शताब्दियों तक बना रहा।

पाटलिपुत्र को मगध की राजधानी बनने का सौभाग्य नन्द और मौर्यवंश के राजाओं ने प्रदान किया। बताया गया है कि कुणिक के परलोक गमन के पश्चात् उसका पुत्र उदायी चम्पा का शासक नियुक्त हुआ। वह अपने पिता के सभा-स्थान, क्रीड़ास्थल, शयनस्थान आदि को देखकर पूर्वस्मृति के जाग्रत हो जाने से उद्विग्न रहता था। इसने प्रधान अमात्य से परामर्श कर नूतन नगर निर्माणार्थ प्रवीण नैमित्तिकों को आदेश दिया। वे नैमित्तिक भ्रमण करते हुए गंगातट पर आये। गुलाबी पुष्पों से सुसज्जित छवियुक्त पाटलिवृक्षों को देखकर वे आश्चर्य-चकित हुए। उन्होंने देखा कि एक वृक्ष की टहनी पर चाष नामक पक्षी मुँह खोले बैठा है। कीड़े स्वयं उसके मुँह में आ पड़ते थे। इस घटना को देखकर वे सोचने लगे कि यहाँ पर नगर का निर्माण होने से राजा को लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। फलतः उस स्थान पर नगर बसाया; जिसका नाम पाटलिपुत्र रखा गया।

पाटलिपुत्र का अन्य नाम कुसुमपुर भी मिलता है। विविध तीर्थकल्प में कुसुम की बहुलता होने के कारण इसका कुसुमपुर नाम बताया गया है। सालिग्राम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के मनोरम उद्यान में सुमन यक्ष के चैत्य का वर्णन आता है। इस ग्राम को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध एवं धर्म नीतिमान् कहा गया है।[१]

सुग्राम की गणना भी वड़े ग्रामों में को गयी है। इस ग्राम का संबंध भवदत्त और भवदेव के साथ माना गया है। सुग्राम में सभी प्रकार के धान्य उत्पन्न होते थे और गन्ध, माल्य आदि का साधारण व्यक्ति भी उपयोग करते थे।[२]

कोल्लाग सन्निवेश मगध का प्रसिद्ध ग्राम[३] था। इसमें वित्त और सुधर्म स्वामी ने जन्म ग्रहण किया था। शरवण ग्राम मंखलि गोशाल का जन्मस्थान था[४]। नालन्दा राजगृह का एक उपनगर था,[५] यहाँ पर धनाढ्यों का निवास था। यहाँ श्रमण भगवान् महावीर ने कई वर्षावास किये थे। तुंगिया नगरी राजगृह के निकट स्थित थी। भगवती सूत्र से ज्ञात होता है कि तुंगिया के गृहस्थ धनी-मानी एवं हठधर्मी थे। गौतमरासा में बताया है कि गणधर इन्द्रभूति, अग्निभूति एवं वायुभूति का जन्मस्थान गोबर[६] ग्राम था, यह ग्राम मगध में शिक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बताया गया है।

पलास[७] ग्राम धन-धान्य से परिपूर्ण था। वैदिक संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। मगधवासी इस ग्राम को पवित्र मानते थे। अचल ग्राम[८] भी समृद्ध बतलाया गया है।

जम्भिक ग्राम[९] में भगवान् महावीर ने कैवल्य प्राप्त किया था। वर्तमान में यह जमुई ग्राम कहलाता है, जो वर्तमान मुंगेर से ५० मील दक्षिण एवं राजगृह

---

१. वसुदेव हिण्डी पृ० ८५
२. वही, पृ० २०
३. उवासगदसाओ
४. वसुदेवहिण्डी पृ० १७६ तथा १५५
५. सूत्रकृतांग २ श्रुत, सप्तम अध्ययन
६. कथाकोषप्रकरण, श्रेणिक कथा
७. वसुदेवहिण्डी पृ० २८
८. वही, पृ० ३२०
९. आचारांगसूत्र १ भाग पृ० २० तथा चन्दाबाई अभिनंदन ग्रंथ पृ० ६३८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से ३५ मील दूरी पर स्थित है। यह ग्राम किल नदी के तट पर है, यह नदी ऋजुकूला या ऋष्यकूला का अपभ्रंश नाम है। किल स्टेशन से जमुई १८-१६ मील की दूरी पर है। जमुई से तीन मील दक्षिण एनमेगढ़ नामक एक प्राचीन टीला है। कनिंघम ने इसे इन्द्रद्युम्नपाल का माना है। यहाँ पर खुदाई में मिट्टी की अनेक मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं। जमुई और लिच्छवाड़ के बीच महादेव सिमरिया गाँव है। यहाँ सरोवर के मध्य ३००-४०० वर्ष प्राचीन मन्दिर है। जमुई से १५-१६ मील पर लक्खीसराय है। जमुई और राजगृह के बीच सिकन्दरा गाँव है। राजगृह और सिकन्दरा के मध्य अम्बसट्टिका का उल्लेख मिलता है। यह आम्रवन था। आजकल यह गाँव सिलाव कहलाता है।

पर्वतश्रेणियाँ एवं नदियाँ

मगध जनपद में राजगृह की ऋषिगिरि, वैभारगिरि, विपुलाचल, बलाहक और पाण्डुक ये पञ्च[1] पहाड़ियाँ प्रसिद्ध हैं। इसी कारण इसे पञ्चशैलपुर कहा गया है।[2] गया से ३८ मील की दूरी पर कुलुआ पहाड़ स्थित है।[3] यह पहाड़ जंगल में है और इसकी चढ़ाई दो मील है। यहाँ सैकड़ों जैन मन्दिरों के भग्नावशेष पड़े हुए हैं। इस पर्वत पर दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ ने तपकर केवलज्ञान प्राप्त किया था। शीतलनाथ का संबंध भद्दिलपुर से माना जाता है, यह भद्दिलपुर ही वर्तमान में भौंदिल नाम से प्रसिद्ध है।

गया के निकट रफीगंज से तीन मील पूर्व श्रावक नाम का पहाड़ है।[4] यह एक ही शिला का पर्वत है और दो फर्लाङ्ग इसकी ऊँचाई है। यहाँ वृक्ष नहीं हैं, किनारे-किनारे शिलाएँ हैं। पहाड़ के नीचे जो गाँव बसा है, उसका नाम श्रावकपुर है। पर्वत के ऊपर अस्सी गज जाने पर एक गुफा आती है, जिसमें पार्श्वनाथ का मन्दिर है।

गया जिले में औरंगाबाद की सीमा के पूर्व रफीगंज से दो मील की दूरी पर प्रचार या पचार[5] नामक पहाड़ है। यहाँ पर एक गुफा के बाहर भगवान् पार्श्वनाथ का मन्दिर है।

---

१. हरिवंशपुराण ३।५५
२. धवलाटीका प्रथम भाग, पृ० ६१
३. कोटिशिला के नाम से कोलुआ पहाड़ का नाम जन साहित्य में पाया जाता है।
४. श्री० ब्र० पं० चन्दाबाई अभिनंदन ग्रंथ, पृ० ६५२।
५. वही, ६५२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विपुलाचल पर भगवान् महावीर का प्रथमोपदेश हुआ था, अतः समस्त प्राचीन ग्रन्थों में इस पर्वत की महत्ता प्रतिपादित है।

मगध जनपद में गंगा, स्वर्णभद्र (सुमागधी), ऋजुकूला (किवल), मयूराक्षी सुवर्णरेखा, चानन, फल्गु प्रभृति नदियों के उल्लेख मिलते हैं। पाटलिपुत्र के वर्णन-प्रसंग में गंगा का निर्देश आता है। इस नदी के किनारे-किनारे चलकर भरत चक्रवर्ती की सेना गंगाद्वार[1] तक पहुँची थी। हिमालय की गंगोत्तरी झील से इसका प्रस्रवण प्रारम्भ होता है। त्रिलोकसार में गंगा के उत्पत्तिस्थान का विस्तृत वर्णन आया है।

शोण नदी का अन्य नाम मागधी[2] है। अपनी विशाल जलराशि और शोभित बालुकामय कणों के कारण यह शोणभद्र कहलाती है।

ऋजुकूला का उल्लेख तिलोयपण्णत्ति[3] और हरिवंशपुराण में पाया जाता है। यह ऋजुकूला वर्त्तमान में किवल नदी कहलाती है। मयूराक्षी राजगृह के आसपास कोई छोटी नदी रही है और सुवर्णरेखा गया जिले की पहाड़ी नदी है। मयूराक्षी राजगृह के आसपास कोई छोटी नदी रही है और सुवर्णरेखा गया जिले की पहाड़ी नदी है। चानना का नाम पुनः पुनः परिवर्तित प्रतीत होता है।

आर्थिक समृद्धि

मगध जनपद की आर्थिक समृद्धि का वर्णन पद्मचरित, कुवलयमाला, हरिवंशचरित, अभयकुमारचरित, श्रेणिकचरित, आख्यानमणिकोश, चउपन्न-महापुरिसचरिय, वसुदेवहिण्डी आदि ग्रन्थों में निबद्ध है। यह जनपद व्यापार का केन्द्र था, यहाँ विभिन्न देशों के व्यापारी आते थे। राजगृह नगरी में स्वर्ण, मौक्तिक, रजत, धान्य एवं विभिन्न धातुओं का क्रय-विक्रय होता था। कुवलय-माला में मगध जनपद के व्यापारियों का वर्णन करते हुए लिखा है—

णीहरिय-पोट्ट-दुव्वण्ण-मडहए सुरय-केलि-तल्लिच्छे।
'एगे ले' जंपुल्ले अह पेच्छइ मागहे कुमरो॥ अनुच्छेद २४६, पृ० १५२.

मगध देश के व्यापारियों का उदर स्थूल होने के कारण बाहर की ओर निकला रहता है। वे कुत्सित वर्णवाले, ठिंगने, कामक्रीड़ा में रसिक और 'एगेले'

---

१. आदि पुराण २६।४६; २८।१३;३२।१६३
२. वही, २६।४६; २६। १४६; २६;५२
३. तिलोयपण्णत्ति ४।७०१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस प्रकार बोलनेवाले होते हैं। मगध के व्यापारी दूर-दूर तक व्यापार के लिए जाते थे, अतः मगधवासी सुखी एवं समृद्ध थे। वहाँ कोई दीन, दुःखी एवं निर्धन दिखलायी नहीं पड़ता था।

पद्मचरित में रविषेण ने "खद्भिर्भूमिर्लाभस्य वाणिजैः"[1] पद द्वारा मगध देश को व्यापारियों के लाभ की भूमि बताया है। यहाँ के सार्थवाह व्यापार के हेतु सामुद्रिक यान चलाते थे। पद्मचरित के अनुसार यहाँ पर कस्तूरी, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र, अश्व, गज, ऊँट, गाय आदि का व्यापार होता था।

राजगृह में विशाल बाजार था[2] जहाँ देश-विदेश के व्यापारी एकत्र होते थे। माप की वस्तुओं में द्रोण एवं प्रस्थ का व्यवहार किया जाता था। स्थल मार्ग से कांस्य एवं अन्य धातुओं के वर्तनों का व्यापार होता था। राजगृह पूर्णतया समृद्ध एवं प्रसिद्ध था। जल और स्थल दोनों मार्गों से व्यापार होता था।

ग्रामवासी कर्त्तव्याकर्त्तव्य के विचारपूर्वक अपनी आजीविका सम्पन्न करते थे। द्यूत भी धनार्जन का उपाय माना गया है। पर इतना सत्य है कि सभ्य समाज में द्यूत को घृणित समझा जाता था, अतः सभ्यों के सम्पर्क में पहुँचने पर द्यूत त्याग का व्रत दिलाया जाता था। ब्राह्मण पौरोहित्य और अध्यापन इन दोनों कार्यों द्वारा आजीविका सम्पन्न करते थे। नगरवासियों का जीवन विलासी एवं ग्रामीणों का सादा था।

राजगृह से विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए मार्ग बने हुए थे, जिससे यातायात के साधन सुलभ रहने के कारण व्यापार में वृद्धि होती थी। प्रासाद, भवन और हर्म्य राजगृह की शोभा बढ़ाते थे। विभिन्न प्रकार के सरोवर, उद्यान एवं क्रीड़ागृहों द्वारा जनसाधारण का भी मनोरंजन होता था।

कृषि-व्यवस्था की दृष्टि से मगध जनपद पर्याप्त समृद्ध था। कूपों में सिंचाई[3] के लिए रहटों का प्रवन्ध था। उपजाऊ भूमि होने पर भी सिंचाई की सुदृढ़ व्यवस्था के कारण फसलों की उत्पत्ति पूर्ण-रूप से होती थी।[4] गन्ना, धान, गेहूँ, चना, कोदों, मूंग, उड़द, मक्का, मोंठ आदि समस्त धान्य उत्पन्न होते थे। मगध की धान्य उत्पत्ति में शूक, शिम्बी और तृण इन तीनों प्रकार के धान्यों की गणना

---

१. पद्मचरितम् २।४२
२. जंबुसामि चरिउ ८।३६ तथा ८।३।१३
३. पद्मचरितम् २।६
४. वही २।४, ८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की गयी है। शूक धान्य के दो-दो भेद हैं—शालि और व्रीहि। हेमन्त में पकने वाले धान्य शालि कहलाते हैं। मगध का शालि धान प्राचीन काल में अतीव प्रसिद्ध था। ऐसा कहा जाता है कि महाशालि मगध से यूनानी लोगों के साथ यूनान तक गया।[१]

शूक धान्यों में गोधूम और यव की गणना है। शिम्बी धान्य में मूंग, मसूर, अरहर, चना और कुलत्थी आदि परिगणित हैं। खलिहानों में अनाज ढेर के एवं वहाँ की भूमि की उर्वरा शक्ति का वर्णन करते हुए लिखा है—

उर्वरायां वरीयोभिः शालेयैरलङ्कृतः।
मुद्गकोशीपुटैर्यस्मिन्नुद्देशाः कपिलत्विषः॥
अधिष्ठितः स्थलीपृष्ठैः श्रेष्ठगोधूमधामभिः।
प्रशस्यैरन्यसस्यैश्च युक्तः प्रत्यूहवर्जितैः॥ —पद्म० २।७।६

मगध की उपजाऊ भूमि में धान, मूँग, मौठ आदि अन्न तो पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न होते थे। गेहूँ की खेती विशेष रूप से होती थी। रक्षक खेतों की रखवाली करते हुए मधुर संगीत का आनन्द लेते थे। दुधारु पशुओं के स्तनों से दूध टपकता रहता था, जिससे मगध की भूमि सदा सुगन्धित रहती थी।

आर्थिक सुव्यवस्था इतनी अधिक थी, जिससे साधारण जनता भी गन्ध, माल्य, दुग्ध, घृत, शर्करा आदि जीवनोपयोगी पदार्थों का उपयोग करती थी। पथिक विश्राम के साथ भोजन भी प्राप्त करते थे। मगधनिवासियों को आवश्यकता की वस्तुएँ अल्प श्रम से ही प्राप्त हो जाती थीं। नाना प्रकार के फल, ताडवृक्ष एवं नारियल जनता को आनन्दित करते थे।

पथिकों के लिए प्याऊ, भोजनशालाएँ और विश्रामशालाएँ भी निर्मित थीं। अतिथि इस जनपद में अपने घर जैसा सुख एवं आनन्द प्राप्त करते थे। भौतिक सामग्री का प्राचुर्य था।

भोजन-पान एवं वेश-भूषा

मगध जनपद में सभी प्रकार के खाद्यान्न उत्पन्न होते थे, अतः वहाँ के निवासी चावल, रोटी, दाल आदि का व्यवहार करते थे। गौतमस्वामीचरित, मुनिसुव्रत काव्य और पद्मचरित में अन्न भोजन, पकान्न भोजन एवं फल भोजन का उल्लेख आया है। नायाधम्मकहाओ में अंकित धन्य सार्थवाह की कथा से

---

१. Zode—Studies in the Indian Cultural History. Vol. I, P. 265

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्पष्ट है कि सामूहिक भोजन का निमंत्रण भी दिया जाता था। भोज और भोज्य पदार्थों का साङ्गोपाङ्ग चित्रण कथाकोषप्रकरण में आयी हुई शालिभद्र की कथा में उपलब्ध होता है। राजा श्रेणिक अपनी रानी चेलना के साथ सुभद्रा सेठानी के घर पहुँचता है। भोजन-मण्डप में बैठने पर सर्वप्रथम दाडिम, द्राक्षा, दंतधर, बेर, रायण आदि चर्वणीय पदार्थ उपस्थित किये जाते हैं। अनन्तर गन्ने की गंडेरी, खजूर, नारंगी, आम आदि चोष्य पदार्थ दिये गये। तत्पश्चात् विभिन्न प्रकार के स्वादु लेह्य पदार्थ प्रस्तुत किये गये। अशोक, वहीसक, सेव, मोदक, फेनी, सुकुमारिका, घेवर आदि अनेक प्रकार के भोज्य पदार्थ परोसे गये। इसके बाद सुगन्धित चावल, लाये गये। पुनः अनेक प्रकार के द्रव्यों से तैयार कढ़ी लाई गई। इसके पश्चात् दधिनिर्मित भोज्य पदार्थ और सबके अन्त में केसर, शर्करा और घृत मिश्रित आधा औंटा हुआ दूध दिया गया।

उवणीयाइं चव्वणीयाइं दाडिमदक्खादंतसर बोररायणाइं। तयणंतरमुवणीयं चोसं सुसमारियइक्खु-गंडियाखज्जूनारंग-अंबगाइभेयं। तयणंतर असोगवट्टि-सग्गव्वुयसेवा-मोयग-फेणिया-सुकुमारिया—घयपुण्णाइयं बहुभेयं भक्खं। तओ सुगंधसालिकूर - पहित्ति - सारय - घय - नाणा - सालणगाइं तओ अणेगदव्व-संजोइयनिव्वत्तिया कड्डिया। तओ अवणीयाइं भायणाइं। पडिग्गहेसु, सोहिया हत्था। नाणाविहदहिविहत्तीओ उवणीयाओ, तेण भुत्तं वदुचियं।"··· आणीयमद्धावट्टं परिहट्टिदुद्धं महुसक्कराघणसारसारं।—कथाकोष-प्रकरण गा० ८, कथा १० पृ० ५८।

ताम्बूल, सुपाड़ी, केसर आदि सुगन्धित पदार्थ भी भोजनोत्तर मुखशुद्धि के हेतु दिये जाते थे[1] 'जंबुसामिचरिउ' से भी भोजन-पान पर प्रकाश पड़ता है। वीर कवि ने लिखा है कि मीठे, खट्टे एवं चरपरे व्यञ्जनों का प्रयोग मगधवासी करते थे। कूर नामक (धान) से निर्मित चावल का भात घी से सिक्त कर ग्रहण किया जाता था। दधि, तक्र, अचार एवं चटनी का व्यवहार भी होता था। मूंग की उत्पत्ति मगध में बहुलता से होती थी, अतः मूंग के मीठे एवं नमकीन दोनों प्रकार के व्यञ्जन बनते थे।[2]

पेय पदार्थों में दुग्ध, जल, पानक, तक्र आदि का व्यवहार प्रचलित था। मगधवासी फलों के रसों का भी व्यवहार करते थे।[3]

१. कथाकोष प्रकरण, प० ५८-५९

२. तिणमयकायमाण संठियजणे। वारिपिसिचमाणचुय-जलकणे।

३. पिसुणलोयहियियं सकूरउ। सज्जणमणु व नेहपरिपूरउ "—जंबुसामि० ८।१३ पृ० १६१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वेश-भूषा में विभिन्न प्रकार के वस्त्राभूषणों का उपयोग आया है। मगधवासी परिधान-अधोवस्त्र एवं उत्तरीय का प्रयोग तो करते ही थे, पर अन्य प्रकार के सिले हुये वस्त्र भी व्यवहार में लाये जाते थे। वस्त्रों में रेशमी, सूती और ऊनी इन तीनों प्रकार के वस्त्रों का वर्णन आया है। क्षौम वस्त्र दुधिया रंग का कीमती, मुलायम और सूक्ष्म होता था। धनिक व्यक्ति क्षौम का व्यवहार भी करते थे। दुकूल वृक्ष की छाल के रेशों से बनाया जाता था और उत्सवों में इस वस्त्र का प्रयोग होता था। क्षौम और कौषेय वस्त्रों का व्यवहार साधारण जनता भी विवाह, पूजा-प्रतिष्ठा आदि के अवसरों पर करती थी। दुकूल स्निग्ध, मृदु और महार्घ्य माना गया है। अंशुक वस्त्र के कई भेद हैं—सितांशुक, समांशुक, और नीलांशुक आदि।[1] कुसुम्भ लाल रंग का रेशमी वस्त्र था, सूती लाल वस्त्र को भी कुसुम्भ कहा गया है। मगध के धनी-मानी रत्नकम्बल का व्यवहार करते थे। रत्न कम्बल नैपाल से आते थे तथा बहुत कीमती होते थे।[2]

आभूषणों में चूडामणि, किरीट, कुन्तलीहार, रत्नावली, कण्ठमालिका, ग्रैवेयक, कुण्डल, अंगद, केयूर, कटक, मुद्रिका, मेखला, रशना, काञ्ची, नूपुर आदि प्रमुख हैं। नर और नारी दोनों ही आभूषण पहनते थे। अन्य प्रसाधन सामग्री में केश, मुख एवं अन्य शारीरिक अंगों को सज्जीकृत करने के लिए केसर, कस्तूरी, पुष्प, अन्य सुगन्धित चूर्ण, गन्ध, माल्य, उद्वर्त्तन, कालागरु, विलेपन, सुगन्धित धूप एवं सुवासित करने की अन्य सामग्री परिगणित है।[3]

क्रीड़ा-विनोद एवं गोष्ठियाँ

मगध जनपद के निवासी मनोविनोद के हेतु नाना प्रकार की क्रीड़ाएँ करते थे। वे कन्दुकक्रीडा, सहकारक्रीडा, जलक्रीडा, वनक्रीडा, दोलाक्रीडा एवं ऋतुक्रीडाओं में विशेष रुचि रखते थे। मनोरञ्जन के लिए संगीत, नाट्य, घुड़-दौड़, विनोदगोष्ठियाँ एवं काव्यचर्चाएँ भी उपयोगी मानी गयी हैं। कथा और काव्य के रसास्वादन द्वारा श्रम को दूर कर पुनः कार्यक्षमता प्राप्त करते थे।

मगध में संगीत का पूर्णतया प्रचार था। वीणा, मुरज, पणव, शंख, तूर्य, काहला, घण्टा, मृदंग, दुन्दुभि, तुणव, महापटह, दुष्कर, भेरी आदि वाद्य उत्सवों

---

१. कथाकोषप्रकरण की दसवीं कथा

२. कथाकोष प्रकरण पृ० ५८-५९ और पद्मचरित द्वितीय पर्व

३. उत्तराध्ययन—कपिल आख्यान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के अवसरों पर तो बजाये ही जाते थे, पर मनोरंजन के हेतु भी इनका व्यवहार किया जाता था। पद्मचरित में बताया गया है—

> संगीतस्वनसंयुक्तैर्मयूररवमिश्रितैः।
> यस्मिन्मुरजनिर्घोषैर्मुखरं गगनं सदा॥ पद्म० २।२८
> गन्धर्वनगरं गीतशास्त्रकौशलकोविदैः। वही २।४०

वीणाएँ भी कई प्रकार की बतायी गयी हैं। ज्ञानपूर्वक गाये गीत को ललित गीत कहा गया है। मृदुगीत ध्वनि, तीव्रगति ध्वनि, एवं लययुक्त हल्की गीतध्वनि बतायी गयी हैं। मगध के गीतकार रागपूवक मूर्च्छनाओं का ध्यान रखते हुए स्वरविशेषों से अलंकृत कर गाते थे। वार-वनिताएँ गीत गाने में प्रवीण होती थीं।

मनोविनोद के लिए नृत्यकला का व्यवहार अपेक्षित था। नृत्य में निम्न-लिखित तत्त्वों का समावेश किया जाता था।

(१) भावों का अनुकरण।
(२) आङ्गिक अभिनय पर बल।
(३) भावों का अवलम्बन।
(४) कटाक्ष या मुस्कुराहट का प्रयोग।
(५) गतियों द्वारा नृत्य।
(६) शारीरिक चेष्टाओं का प्रदर्शन।
(७) हाव-भाव और विलास का प्रदर्शन।

मगध में नाना प्रकार के नृत्यों का प्रचार[1] था। ताण्डव नृत्य, अलातचक्र नृत्य, इन्द्रजाल नृत्य, चक्र नृत्य, सूची-नृत्य, लास्य नृत्य, कटाक्ष नृत्य, बहुरूपिणी नृत्य आदि का प्रचलन था। काव्यगोष्ठियों का आयोजन भी मनोरंजन के लिए किया जाता था। राजगृह में समय-समय पर काव्यगोष्ठियों की योजना होती रहती थी।[2]

द्यूत, जलक्रीडा और ऋतुक्रीडा का विशेष प्रचार था। राजगृह में वसन्तोत्सव सम्पन्न करने के लिए सभी जनता वन में प्रस्थान करती थी। और वन में नाना

---

१. मुनिसुव्रत काव्य प्रथम सर्ग, पद्मचरित द्वितीय पर्व एवं नायाधम्मकहाओ प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ एवं सप्तम अध्ययन

२. नायाधम्मकहाओ द्वितीय एवं सप्तम अध्ययन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकार की पुष्पक्रीडाएँ, वन्यक्रीडाए एवं वनविहार द्वारा आनन्द प्राप्त किया जाता[1] था।

लोकधर्म

मगधवासी आत्मधर्म के साथ लोकधर्म का भी पालन करते थे। नायाधम्मकहाओ द्वारा लोकधर्म संबंधी प्रचुर सामग्री उपलब्ध होती है। श्रमण और वैदिक दोनों ही लौकिक अभीष्ट-सिद्धि के लिए लोकधर्म को महत्त्व देते थे। आर्य-संस्कृति, द्रविड, निषाद एवं किरात—संस्कृतियों के सम्मिश्रण से एक ऐसी धार्मिक परम्परा आरम्भ हुई जो लोकधर्म के नाम से ख्यात हुई।

मगध जनपद में लौकिक चमत्कार, सिद्धियों एवं कामना पूर्त्ति के लिए लोकधर्म का आचरण अपेक्षित था। इस लोक धर्म का व्यवहार उत्सवों या मेलों द्वारा होता था। प्राचीन समय में धर्म प्रधान उत्सव मह या मख कहलाते थे। द्विजातियों के जीवन में जो स्थान वैदिक यज्ञों का था, वही स्थान मह नामक उत्सवों का था। 'नायाधम्मकहाओ' में मगध जनपद में सम्पन्न होने वाले पन्द्रह मह या उत्सवों का निर्देश आया है। यथा—

अज्ज रायगिहे नगरे इंदमहे इ वा खंदमहे इ वा एवं रुद्दसिववेसमणनाग-जक्ख-भूय-नई-तलाय-रुक्ख-चेइय पव्वयउज्जाण-गिरि-जत्ताइ वा जओ णं बहवे उग्गा भोगा जावगदिसिं एगाभिमुहा निग्गच्छंति। —नायाधम्म कहाओ १।२५ वैद्यसंस्करण पृ० २३

(१) इंदमह—इन्द्रमह (२) खंदमह—स्कन्दमह (३) रुद्दजत्ता—रुद्रयात्रा (४) सिवजत्ता—शिवयात्रा (५) वेसमणजत्ता—वैश्रवणयात्रा (६) नागजत्ता—नागयात्रा (७) जक्खजत्ता—यक्षयात्रा (८) भूयजत्ता—भूतयात्रा (९) नईजत्ता—नदीयात्रा (१०) तलावजत्ता—तडागयात्रा (११) रुक्खजत्ता—वृक्षयात्रा (१२) चेइयजत्ता—चैत्ययात्रा (१३) पव्वयजत्ता—पर्वतयात्रा (१४) उज्जाण जत्ता—उद्यानयात्रा (१५) गिरिजत्ता—गिरियात्रा।

रायपसेणिय सुत्त में जत्ता के स्थान पर मह पाठ प्राप्त होता है। इन्द्रमह उत्सव विशेष महत्त्वपूर्ण है। कृषि के विकास और समुचित वर्षा के लिए यह धर्मानुष्ठान किया जाता था। वर्षा ऋतु में प्रजा और राजा मिलकर देवराज इन्द्र का पूजन करते थे। इन्द्रमह में फल, गन्ना, केला एवं मिष्टान्नों से इन्द्र की पूजा-

---

१. जंबुसामिचरिउ ८।१; १।१० तथा वसुदेवहिण्डी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विधि सम्पन्न होती थी। चावल और गुड़ का भी उपयोग किया जाता था। यह जातीय पर्व राष्ट्रीय उत्सव था। इसमें अनाज की उत्पत्ति बढ़ाने के लिए इन्द्र की पूजा और रथोत्सव किये जाते थे।

खंदमह से तात्पर्य स्कन्दपूजा से है। फाल्गुन, आषाढ़ एवं कार्त्तिक मास में कृष्णपक्ष में षष्ठी तिथि को स्कन्दपूजा होती थी। स्कन्द को षडानन, ब्रह्मण्य और कार्त्तिकेय भी कहा गया है। आरम्भ में विघ्न-बाधाओं से भयभीत होकर पिशाच के रूप में स्कन्द की पूजा आरम्भ हुई थी। अनन्तर रुद्र के साथ स्कन्द का समन्वय हुआ, पश्चात् अग्नि के साथ और अन्त में रुद्र के साथ स्कन्द की पूजा होने लगी। स्कन्दविकास गुप्तकाल में विशेष रूप से हुआ और वह देव-सेनापति के रूप में प्रतिष्ठित हो गया। इस विकासक्रम में एक छोटी-सी शाखा और भी निकली, जिसके अनुसार स्कन्द बालग्रह या बच्चों का रक्षक देवता बन गया है। कुषाणकाल में अभीष्ट सिद्धि के लिए स्कन्द की पूजा अधिक होती थी। इस प्रकार एक ओर इन्हें युद्धदेवता के रूप में मान्यता प्राप्त हुई और दूसरी ओर शक्तिधर के रूप में। स्कन्द के अनुशासन में अनेक देवता थे, जो भक्तों के कार्यों की सिद्धि करते थे।

नागमह में नाग देवता का उत्सव सम्पन्न किया जाता था। नागपूजा यक्षपूजा से भी प्राचीन है। नाग का सम्बन्ध सभी देवों के साथ है। कई प्राकृत आख्यानों में नागदेव द्वारा असम्भव कार्य सम्पादित किये जाने की बात कही गयी है।[1] नागपूजा का महत्त्व भी कथाओं में आया है।

वृक्षपूजा का प्रचार भी प्राचीन भारत में पर्याप्त था। पीपल वट, तुलसी और आमल आदि की पूजा आज भी प्रचलित है। गाँव का कोई भी ऐसा वृक्ष, जो पत्तों से खूब छतनार हो और फलों से लदा हो तो अपने विशिष्ट लक्षणों के कारण पूजनीय बन जाता है। 'नायाधम्मकहाओ' के उल्लेख से स्पष्ट है कि जिस प्रकार वृक्ष की पूजा और उत्सव सम्पन्न किये जाते थे, उसी प्रकार वृक्षों से भरे हुए उद्यान में उत्सव, क्रीडा, गोष्ठी, समाज आदि का आयोजन किया जाता था। सिद्धर्षिकृत 'उपमितिभवप्रपञ्च कथा' में उद्यान के महोत्सव का बहुत सुन्दर वर्णन आया है। इस कथा से यह भी विदित होता है कि ऐसे अवसरों पर विशेष भोज का भी प्रबन्ध रहता था। उद्यानक्रीडा वसन्त ऋतु में सम्पन्न होती थी।

---

१. आरामसोहाकहा, आरा संस्करण, पृ० १२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन आगम साहित्य में सर्वत्र यक्षपूजा के प्रचार के निर्देश उपलब्ध होते हैं। यक्ष को सबसे प्रमुख देवता बतलाया गया है। मुग्गरपाणि यक्ष की कथा से सभी परिचित हैं। शनैः-शनैः आर्य देवों के सम्पर्क में आने से उनका प्रभाव बढ़ा और उन्हें यक्षों की तुलना में ऊँचा स्थान दिया जाने लगा।

आत्मिक धर्म का विकास होने से मगध में यक्ष का स्थान गिरने लगा और वह भी भूत-पिशाचों की श्रेणी में सम्मिलित हो गया। जैनवाङ्मय में प्रत्येक तीर्थंकर के साथ आरक्षक देवताओं के रूप में यक्ष-यक्षिणियों का सम्बन्ध जोड़ा गया है।

रुद्र, तडाग, चैत्य, पर्वत्य एवं गिरि आदि की पूजा भी उत्सवपूर्वक सम्पन्न की जाती थी। मगध जनपद में आत्मधर्म के साथ लोकधर्म का भी प्रचार था। लोकधर्म का आचरण प्रायः सभी सम्प्रदाय के व्यक्ति समान रूप से करते थे।

आचार-व्यवहार और रीति-रिवाज

जैन संस्कृत और अपभ्रंश ग्रन्थों से अवगत होता है कि मगध जनपद में जन्म, विवाह, वार्धापन संस्कार, विद्यारम्भ आदि अवसरों पर अनेक प्रकार के रीति-रिवाज प्रचलित थे। शिशु के जन्म के समय पड़ोस की स्त्रियाँ अक्षतपूर्ण पात्र लेकर बधाई देने जाती थीं, सधवा स्त्रियाँ नृत्य-गान करती थीं और उन्हें गृह-पत्नी की ओर से गुड़, घी देकर विदा किया जाता था। उपाध्याय सूतमातृका का पाठ करते थे और वस्त्र तथा ताम्बूल द्वारा उनका स्वागत किया जाता था। छट्ठी के दिन जागरणोत्सव सम्पन्न किया जाता था और बारहवें दिन बालक का नामकरण-संस्कार सम्पन्न होता था।[1]

पाँच वर्ष की अवस्था में शुभ नक्षत्र, शुभ तिथि एवं शुभ वार में विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न किया जाता था। बालक को विविध वस्त्राभूषणों से सज्जाकर

१—नृत्यन्त्यविधवाः नार्यः गीतं गायन्ति गायकाः।
आयान्त्यातपत्राणि गुडसर्पिश्च दीयते ॥
उपाध्याया वृताश्चेहः पठद्भिः सूतमातृकाम्।
गृहमायान्ति किं बाला सद्बुद्धिमुपजीवितुम् ॥
उपाध्यायाः प्रपूज्यन्ते वस्त्रताम्बूलदानतः।
छात्राणां मृक्ष्यते शीर्षं दीयन्ते गुडपिण्डिकाः ॥
तृतीये दिवसे चन्द्रसूर्यौ बालस्य दर्शितौ।
षष्ठेऽह्नि स्वजना रत्तस्य कर्म जागरिकां व्यधुः ॥
—अभयकुमार चरित १।३९७-४१०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाद्य-संगीतपूर्वक गुरु के समक्ष अथवा पाठशाला में पहुँचाया जाता था। सरस्वती और उपाध्याय की पूजा की जाती थी। अनन्तर उपाध्याय प्रथम पाठ पढ़ाता था और उपस्थित व्यक्तियों को मिष्टान्न वितरित किया जाता था।[1]

विवाह-संस्कार के समय सर्वप्रथम घर को स्वच्छ किया जाता था। लिपाई-पुताई होने के पश्चात् तोरण और बन्दनवार बाँधे जाते थे। मण्डप बनवाना, सजाना, स्थान-स्थान पर सुगन्धित चूर्ण छिड़कना, विविध रंगों से चौक पूरना, सुगन्धित पुष्पों की मालाएँ लटकाना एवं वाद्य-संगीत-नृत्य आदि की व्यवस्था सम्पन्न की जाती थी। वर के हाथ में स्वर्णमिय कंगन, स्वच्छ रंगीन वस्त्र, सुगन्धित पुष्पों का मुकुट और चन्दनादि सुगन्धित पदार्थों का शरीर पर लेप किया जाता था। कन्यादान के समय पिता जलाञ्जलि और दहेज[2] देता था।

अभयकुमार चरित में बताया गया है कि सर्वप्रथम सौभाग्यवती स्त्रियाँ वर और कन्या का तेल द्वारा अभ्यंग तथा पिष्टिका से उद्वर्त्तन करती थीं। पश्चात् स्नान कराकर कौसुम्भ वस्त्र धारण करातीं। वर को स्नान क्रिया के पश्चात् सधवा स्त्रियाँ मंचिका पर बैठकर उसका तिलक करतीं। केशों को सुगन्धित धूप से सुवासित किया जाता। पैरों में लाक्षा रस, कपोलों पर पत्र-वल्ली, आँखों में अंजन, ललाट में चन्दन एवं केशों में पुष्प लगाये जाते थे। श्वेत परिधान पहना-कर सिर पर पुष्पों का मुकुट धारण किया जाता था। अंग-प्रत्यंग को विविध प्रकार के अभूषणों से सज्जित किया जाता।

वर वाहन पर आरुढ़ होकर मण्डप द्वार पर आता था। इस अवसर पर उसके ऊपर चँवर हिलाये जाते थे और मंगलपाठ किया जाता था। विविध प्रकार के वाद्य बजाये जाते थे, स्त्रियाँ नृत्य करती थीं और वे वर के पीछे खड़ी होकर अक्षिदोष घात के लिए लवण उतारती थीं। जब वर मण्डप द्वार पर पहुँचता था, तो वह वाहन से उतर कर खड़ा हो जाता, स्त्रियाँ मण्डप द्वार पर दूर्वादि पात्र, मुशल तथा मथानी रखती थीं। एक स्त्री सराव-युग्म में अग्नि लवण रखती। इसी समय वर को अर्घ्य दिया जाता था। वर के ऊपर अक्षत छोड़कर उसके भाल को मथानी और मुशल से स्पर्श करते थे। वर सराव-युग्म को वामपाद से फोड़ देता था। इसके पश्चात् वर को बधू के समीप ले जाया जाता। वर बधू के सम्मुख विस्तर पर बैठ जाता था। इस समय एक ऐसी महिला जिसके पुत्र, पति,

---

१. अभयकुमार चरित १।४१६-४२९

२. जंबुसामिचरिउ ८।९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सास, ससुर, पिता, माता, भाई, देवर आदि सभी जीवित होते, अश्वत्थ और शमी की छाल को पीसकर उसका लेप बधू के कर में करती थी। शुभ मुहूर्त्त में वर बधू का हाथ अपने हाथ में लेता था, इसी समय तारा मिलन होता था और वर बधू आपस में एक दूसरे को देखते थे और विप्र दोनों के वस्त्र-प्रान्तों में गाँठ लगा देता था। इसके पश्चात् वर बधू के साथ वेदिका पर जाता था।

विप्र मन्त्र पाठ करता था और वर अग्नि में सात बार धान क्षेपण करता था। वर वधू सहित अग्नि की प्रदक्षिणा करता था। चार प्रदक्षिणा करने पर दहेज में अश्व, सुवर्ण, धन आदि प्राप्त होते थे। करमोचन के साथ वस्त्रमोचन भी हो जाता था। वर बधू को लेकर अपने निवास-स्थान पर चला जाता था। नान्दी पाठ होता था, नृत्य-गान सम्पन्न होता और हर्ष-ध्वनि की जाती थी। [1]

चोरी एवं अन्य अपराधों के समय अपराधियों को दण्ड देने की विभिन्न प्रथाएँ प्रचलित थीं। चोर के शरीर को धातुमय चूर्ण से काला कर उसके गले में सराव मालिका पहना दी जाती थी। चोर के सिर पर करवीर पुष्प और कन्धे पर शूल रख दी जाती थी। उसके सिर पर जीर्ण सूर्प का छत्र लगाकर पूँछ, कान रहित गर्दभ पर बैठाकर सारे नगर में घुमाते हुए वधस्थल पर ले जाते थे। गर्दभस्थ चोर के पीछे कल-कल करते हुए बालक लग जाते थे। चोर के आगे डिंडिम की कर्कश ध्वनि होती चलती थी। चोरी करनेवाले को अपमानपूर्वक मृत्यु का सामना करना पड़ता। [2]

पुत्र के अपराध पर पिता को दण्ड दिये जाने की प्रथा प्रचलित[3] थी। अपराधियों को दण्ड देते समय विभिन्न प्रकार के रीति-रिवाज विद्यमान थे।

स्वप्न, शकुन, अपशकुन, तन्त्र-मन्त्र एवं जड़ी-बूटी संबंधी विश्वास प्राचीन मगधवासियों में प्रचलित थे। [4] ज्योतिषी और पण्डितों का समाज में सम्मान होता था। [5]

शिक्षा-साहित्य

मगध—जनपद शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में सदा गतिशील रहा है। यहाँ

---

१. अभयकुमार चरित पाण्डुलिपि २।१०१-१५६
२. वही, ६।६६०-६६८
३. अपत्यापराधे पितृनिग्रहो भवेत्।—अभयकुमार चरित ४।२५८
४. अभयकुमार चरित ६।४०-५६
५. तिथिपत्रं करे गृहीत्वा—अभय० ६। ५०-५१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रत्येक आचार्य-गृह शिक्षालय था। गुरुकुल और पाठशालाओं के साथ यहाँ बड़े-बड़े शिक्षालय भी विद्यमान थे। गुरु के घर पर भी शिक्षा ग्रहण की जाती थी।[1] व्याकरण, दर्शन, ज्योतिष, निघण्टु, काव्य एवं छन्द-शास्त्र की शिक्षा दी जाती थी। राजपुरुषों को हस्ति, अश्व एवं युद्ध कला की शिक्षा दी जाती थी। नृत्य, गान, वादन एवं संगीत की शिक्षा भी दी जाती थी। धर्म, अर्थ एवं काम पुरुषार्थ से सम्बद्ध नाना विषयों की शिक्षा आवश्यक थी। जंबुसामिचरिउ में राजगृह नगरी में दी जानेवाली शिक्षा का वर्णन निम्न प्रकार से किया है—

भासातय ः क्खणु-लक्खु मुणिउ। दंसण-नएहिं सहुँ तक्कु सुणिउ ॥
छंदालंकार-निघंटसत्थु। धम्मत्थ-कामकारणु पसत्थु ॥
गायव्वउ नच्चेव्वउ सचित्तु। वीणाइवज्जु जाणिउ विचित्तु ॥
—जंबु ४।१२.

काव्यरचना, प्रहेलिकाओं का उत्तर देना, अनेक प्रश्नों का उत्तर एक ही वाक्य में देना आदि शिक्षा के अंग थे। अभयकुमार चरित में बताया है कि मेघकुमार अपनी पत्नियों के साथ गूढ़ प्रहेलिका, चतुर्थक, अन्त्याक्षरी आदि के द्वारा अनुरंजन करता था। पत्नियाँ पूछती हैं—

किमंकुरजनी हेतुः किं भोज्यं स्वर्गवासिनाम्।
नारी वाञ्छति भर्त्तारं कीदृशं पतिदेवता ॥
दयायान्ति मुनीन्द्राः किं सदा तद्गतमानसा।
प्रियैकेनैववाक्येन चतुर्णा किमुत्तरम् ॥ अभय कु० ३।१७६-१७७
उपर्युक्त चारों प्रश्नों का एक ही "अमृतम्" उत्तर है।

इस प्रकार मगध जनपद में शिक्षा-साहित्य का पूर्ण प्रचार था। इन्द्रभूति स्वयं सैकड़ों विद्वानों का गुरु था और उसकी अध्ययनशाला में पाँच सौ प्रतिभाशाली सुबुद्ध शिष्य शिक्षा प्राप्त करते थे। शान्तिनाथचरित में मगध भूमि को शिक्षा-साहित्य की जननी कहा है।

भाषा

भाषा की दृष्टि से मगध जनपद का महत्त्व सभी जनपदों की अपेक्षा अधिक है। पूर्व बोली का मागधी नामकरण मगध के नाम पर ही हुआ है। पूर्व प्रदेश

१. धम्मसद्धियाणं गुरुकुलवासो जुत्तो।—श्रेणिक कथानक, कथाकोष प्रकरण पृ० १०४.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की भाषा मागधी और पश्चिम की शौरसेनी कहलाती थी। अर्धमागधी में आधे शब्द मगध देश की भाषा के और आधे शब्द इतर जनपदों की भाषा के हैं। अर्धमागधी को—"अट्ठारसदेसीभासानियमं वा अद्धमगहं" अर्थात् अठारह देशी भाषाओं का मिश्रण माना है। वागभट्ट ने भी अपने काव्यानुशासन में इसे समस्त भाषामय कहा है—

सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।—काव्यानुशासन पृ० २।

समवायाङ्ग सूत्र में अर्धमागधी की विशेषताओं का निरूपण करते हुए इस पर आर्य और अनार्य दोनों ही भाषाओं का प्रभाव माना है। बताया है—"भगवान् अर्धमागधी भाषा में धर्मोपदेश देते थे। यह शान्ति, आनन्द और सुखदायिनी भाषा आर्य, अनार्य, द्विपद, चतुष्पद, मृग, पशु, पक्षी और सरीसृपों के लिए उनकी अपनी-अपनी बोली में परिणत हो जाती थी।"[1]

ओववाइयसुत्त में भी लिखा है - "अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ।" अर्थात् अर्धमागधी भाषा का सम्बन्ध आर्य और अनार्य भाषाओं के साथ था। यह भाषा मागधी के संयोग से ही निर्मित थी।

मगध जनपद में जनभाषा मागधी थी और इसका व्यवहार सभी व्यक्ति करते थे। राजान्य या सम्भ्रान्त वर्ग में संस्कृत भाषा का भी व्यवहार किया जाता था। आचारांग सूत्रवृत्ति में बताया है कि मगध में ग्वालिनें भी अकस्मात् जैसे शब्दों का प्रयोग करती हैं। वृक्ष को मगध में 'ओदणो' कहा जाता है। भाषा की दृष्टि से मगध का शासन प्रायः समस्त पूर्वी प्रदेश पर था। काशी से लेकर आधुनिक विहार, बंगाल, असम और उड़ीसा के पूर्वी प्रदेश में यह भाषा प्रयुक्त होती थी।

साहित्य-प्रणयन एवं संकलन

जैन दर्शन के मूल ग्रन्थ तत्त्वार्थसूत्र का प्रणयन पाटलिपुत्र में हुआ है। मगध के भयंकर दुष्काल के समाप्त होने पर स्थूलभद्र ने पाटलिपुत्र में जैन श्रमणों

---

१. भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्मं आइक्खइ। सा वि य णं अद्धमागही भासा भासिज्जमाणी तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं दुप्पय-चउप्पयमियपसुपक्खि-सरिसिवाणं अप्पप्पणो हियसिवसुहदाए भासत्ताए परिणमइ।—समवायाङ्ग, अहमदाबाद, सन् १९३८ सूत्र ९८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

का सम्मेलन बुलाया, जिसमें श्रुतज्ञान को व्यवस्थित करने के लिए खण्ड-खण्ड कर ग्यारह अंगों का संकलन किया गया। दृष्टिप्रवाद किसी को स्मृत न होने के कारण पूर्वों का संकलन-सम्पादन नहीं हो सका। चतुर्दश पूर्वधारी केवल भद्रबाहु ही थे, जो पाटलिपुत्र से बाहर थे। अतः संघ की ओर से पूर्वों का ज्ञान सम्पादन करने के लिए कुछ साधुओं को आचार्य भद्रबाहु के पास भेजा गया। स्थूलभद्र ने कतिपय पूर्वों का अध्ययन किया और जो ज्ञान उन्हें उपलब्ध हुआ, उसे पाटलिपुत्र सम्मेलन में सिद्धान्त रूप से संकलित कर लिया गया। इस प्रकार जैनागमों की पाटलिपुत्र वाचना प्रसिद्ध हुई।[1]

भगवान् महावीर का प्रथमोपदेश मगध की भूमि में ही हुआ। राजगृह के विपुलाचल पर उनके समवशरण की रचना की गयी तथा यहीं पर जैनागमों का उपदेश तीर्थंकर महावीर द्वारा दिया गया है।

पौराणिक एवं ऐतिहासिक व्यक्ति

मगध जनपद में तीर्थंकर, आचार्य, कवि, लेखक, सम्राट्, सामन्त, राजा, अमात्य एवं अनेक दिव्य पुरुषों ने जन्म ग्रहण किया है। मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर, गौतम इन्द्रभूति, भाष्यकार, भद्रबाहु, नन्दिमित्र, गोवर्धन, जंबुस्वामी, मक्खलि गोशाल, श्रेणिक, अजातशत्रु, उदायी, चन्द्रगुप्त, अशोक, सम्प्रति, शकटाल. स्थूलभद्र, श्रीयक, मेघकुमार, पारासर, कपिल आदि अनेक पुरुषों की जन्मभूमि और कर्मभूमि मगध है। मगध से संबंधित जैन पुराणों में लगभग सौ-डेढ़ सौ कथाएँ मिलती हैं।

उपसंहार

मगध में मौर्यवंशी राजाओं ने एक विशाल और सुगठित साम्राज्य की स्थापना की थी। इसके पश्चात् लगभग एक हजार वर्षों तक मगध भारतवर्ष का राजनीतिक और सांस्कृतिक केन्द्र बना रहा। शिशुनाग, नन्द, मौर्य, कण्व, शुंग, सातवाहन,

---

१. आवश्यक चूर्णि २, पृ० १८७। हरिभद्र ने उपदेशपद में लिखा है :—
जाओ अ तम्मि समये दुक्कालो दो य दसम्मि वरिसाणि।
सव्वो साहुसमूहो गओ तओ जलहितीरेसु॥
तदुवरमे सो पुणरवि पाडलिपुत्ते समागओ विहिया।
संघेणं सुयविसया चिंता किं कस्स अत्थेति॥
जं जस्स आसि पासे उद्देसज्झयणमाइ संघडिउं।
तं सव्व एक्कारय अंगाइं तहेव उवियाइं॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुप्त और पाल इन सभी वंशों ने मगध पर राज्य किया। राजवंशों का परिवर्तन होता रहा, कितने विदेशी आक्रमण हुए पर मगध की जीवनी शक्ति का कभी विनाश नहीं हुआ। इस केन्द्र से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रकाश विभिन्न दिशाओं में व्याप्त होता रहा। ई० पू० ६ठी शताब्दी से लेकर ई० ६ठी शती तक यहाँ से राज्य धुरा का चक्र प्रचलित होता रहा है। मगध ने सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से अन्ताराष्ट्रिय मान्यता प्राप्त की थी। वस्तुतः मगध का इतिहास राजगृह और पाटलिपुत्र के उत्थान से आरम्भ होता है और नालन्दा के पतन के साथ समाप्त हो जाता है।

—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश की एक नवीन उपलब्ध रससिक्त रचना : 'पुण्णासवकहा'[1]

प्रो० डॉ० राजाराम जैन

अपभ्रंश-साहित्य का भाषाशास्त्र एवं काव्यरूपों की दृष्टि से जितना महत्त्व है, उससे कहीं अधिक उसका महत्त्व आख्यान-साहित्य की दृष्टि से है। अपभ्रंश के प्रायः समस्त कवि आचार एवं दार्शनिक तथ्यों तथा लोकजीवन की अभिव्यञ्जना कथाओं के परिवेश द्वारा करते रहे हैं। इस प्रकार के आख्यानों के माध्यम से अपभ्रंश-साहित्य में मानव-जीवन एवं जगत् की विविध मूक भावनाएँ एवं अनुभूतियाँ मुखरित हुई हैं। इसमें यदि एक ओर नैतिक एवं धार्मिक आदर्शों की गंगा-जमुनी प्रवाहित हुई है, तो दूसरी ओर लोकजीवन से प्रादुर्भूत ऐहिक-रस के मदमाते रससिक्त निर्झर भी फूट पड़े हैं। एक ओर वह पुराण-पुरुषों के महामहिम चरितों से समृद्ध है तो दूसरी ओर वणिक्पुत्रों अथवा सामान्यवर्ग के व्यक्तियों के सुखों-दुखों अथवा रोमांसपूर्ण कथाओं से परिव्याप्त हैं। श्रद्धा-समन्वित भावभीनी स्तुतियों, सरस एवं मार्मिक सूक्तियों तथा ऐश्वर्य, वैभव एवं भोग-विलासजन्य वातावरण, वन-विहार, संगीत-गोष्ठियाँ, आखेट एवं जल-क्रीड़ाएँ आदि सम्बन्धी विविध चित्र-विचित्र चित्रणों से अपभ्रंश-साहित्य की विशाल चित्रशाला अलंकृत है। नारी-जीवन में क्रान्ति की सर्वप्रथम चिनगारी अपभ्रंश-साहित्य में दिखलाई पड़ती है। महासती सीता, रानी रेवती, महामति अनन्तमती, महारानी चेलनी प्रभृति नारी पात्रों ने इस दृष्टि से अपभ्रंश के आख्यान-साहित्य में एक नवीन जीवन ही प्राप्त किया है। महाकवि रइधू कृत 'पुण्णासवकहा' उक्त समस्त तथ्यों के लिए एक उत्कृष्ट एवं अनुपम उदाहरण है।

'पुण्णासवकहा' की प्रति का परिचय एवं उसके ग्रन्थकार महाकवि रइधू के विषय में अन्यत्र विस्तृत चर्चा की जा चुकी है[2] अतः यहाँ उसे अनावश्यक समझ-

---

१.—ऐ० प० स० जैन भवन व्यावर से उपलब्ध प्रति के आधार पर प्रस्तुत परिचय

२.—दे० 'परिषद्-पत्रिका' (बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् पटना) वर्ष ९ अंक ४ (जनवरी, १९७०) पृ० १९-२६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर ग्रन्थ की विषयवस्तु एवं उसका परिशीलन प्रस्तुत किया जा रहा है :—

प्रस्तुत 'पुण्णासवकहा' में कुल १४ सन्धियाँ एवं कुल २४८ कड़वक हैं। समग्र ग्रन्थ अपभ्रंश-भाषा में निबद्ध है। अभी तक ज्ञात एवं उपलब्ध समस्त अपभ्रंश-साहित्य में 'पुण्णासवकहा' नामांकित प्रस्तुत ग्रन्थ ही ज्ञात एवं उपलब्ध सर्वप्रथम कृति है। यही इसकी विशेषता है।

इस रचना में कुल मिलाकर विविध विषयक २७ कथाएँ हैं, जो निम्नलिखित ७ अधिकारों में प्रसंग-प्राप्त हैं :—

१. अष्टांग वर्णनाधिकार
२. पूजा-फल वर्णनाधिकार
३. पंचनमस्कारमन्त्र फलाधिकार
४. शील प्रभावाधिकार
५. श्रावकाचार वर्णनाधिकार
६. उपवासफल वर्णनाधिकार एवं
७. दानफलाधिकार

प्रथम सन्धि में लेखक ने मंगलाचरण एवं प्रशस्ति-लेखन आदि के बाद वर्ण्य-विषय की भूमिका तैयार की है तथा पुण्य एवं धर्म का मर्म बतलाते हुए सम्यक्त्व के अष्टमद आदि पच्चीस दोषों की चर्चा की है।

दूसरी सन्धि में निःकांकित अंग सम्बन्धी प्रथम कथानक—'अञ्जनचोर' निबद्ध किया गया है तथा उसके अन्तर्गत ऋषि जमदग्नि एवं रेणुका, सुभौम चक्रवर्त्ती एवं जिनदत्त सेठ की अवान्तर कथाएँ उपलब्ध हैं।

तीसरी सन्धि में निःकांकित एवं निर्विचिकित्सा अंगों के वर्णन प्रसंगों में क्रमशः अनन्तमती एवं उदितोदय की कथाएँ हैं।

चौथी सन्धि में अमूढदृष्टि अंग वर्णन तथा उदाहरण स्वरूप रानी रेवती की कथा आई है।

पाँचवीं सन्धि में उपगूहन एवं स्थितिकरण अंगों के अन्तर्गत क्रमशः जिनदत्त सेठ एवं वारिषेण की कथाएँ हैं।

छठवीं सन्धि में वात्सल्य अङ्ग के उदाहरणस्वरूप मुनि विष्णुकुमार कथा तथा सातवीं सन्धि में प्रभावना अङ्ग की पोषक वज्रकुमार कथा वर्णित है।

आठवीं एवं नवीं सन्धि में जिनपूजा के माहात्म्य का वर्णन करते हुए उसके समर्थन में दो मालिनों की कथा प्रमुख रूप से तथा अवान्तर कथा के रूप में नगरदत्त सेठ, रत्नशेखर एवं घनवाहन, हरिपति कुलंकर, भरत एवं कलिकुंड की कथाएँ प्रस्तुत हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दसवीं सन्धि में पञ्चनमस्कार मन्त्रफल की महत्ता प्रदर्शित करते हुए सेठ पंकजरुचि, वृषभध्वज, चारुदत्त सेठ तथा धरणेन्द्र एवं पद्मावती की कथाएँ ग्रथित हैं।

ग्यारहवीं एवं बारहवीं सन्धियों में शील के प्रभाव को बतलाने वाली दो कथाएँ—सुलोचनाचरित एवं सीताचरित प्राप्त होती हैं।

तेरहवीं सन्धि में श्रावकाचार का वर्णन है, जिसमें कवि ने ग्यारह प्रतिमाओं तथा श्रावक के व्रतों का विश्लेषण किया है। तत्पश्चात् 'उपवासफल वर्णन' में नागकुमार एवं भविष्यदत्त का नामोल्लेख करके चाणक्य चन्द्रगुप्त एवं आचार्य भद्रबाहु का विस्तृत कथानक अंकित किया है।

अन्तिम चौदहवीं सन्धि में कवि ने 'दानफल' की मार्मिक चर्चा की है और उसके समर्थन में सुकेतु सेठ का सरस आख्यान लिखा है। अन्त में लेखक ने ऋषभदेव के सोमवंश का परिचय देते हुए अपने आश्रयदाता साहू नेमदास को भी उसी वंश का बतलाया है।

उक्त कथाओं के प्रस्तुतीकरण में कवि ने महापुराण (जिनसेन), हरिवंश पुराण (जिनसेन), पद्मपुराण (रविषेण), भद्रबाहुचरित (रत्ननन्दी) एवं पुण्याश्रव कथा (रामचन्द्र मुमुक्षु), जैसे पूर्ववर्त्ती ग्रन्थों से तथ्य ग्रहण किये हैं, फिर भी शैली एवं गठन की दृष्टि से 'पुण्णासवकहा' में सर्वत्र मौलिकता दृष्टिगोचर होती है। वस्तुतः प्रबन्धशैली में उपदेशात्मक आख्यानों के माध्यम से कई गहन सिद्धान्तों को प्रस्तुत कर कवि ने एक महत्त्व पूर्ण कार्य किया है।

कवि रइधू ने वर्ण्य विषय की उत्थानिका में बड़ी ही पटुता से कार्य किया है। उन्होंने प्रश्नोत्तरी-शैली में सर्वप्रथम पुण्य एवं धर्म का विश्लेषण किया है। मगध-नरेश महाराज श्रेणिक गौतम गणधर से पूछते हैं कि पुण्य एवं धर्म में क्या भेद है? मुझे तो उसमें कोई अन्तर प्रतीत नहीं होता! जिस प्रकार गाय एवं भैंस दोनों के ही दूध पुष्टिकारक एवं मधुर होते हैं, उसी प्रकार पुण्य एवं धर्म भी सुखकार होते हैं। हे गणधर, यदि उनमें कोई अन्तर हो तो कृपाकर कहिए—

किवि भणहि पुण्णु कायव्वु होई। तिं विणु किंपि ण पावियइ लोई।
किवि भासहि हिययरु हवइ धम्मु। तिं वज्जिउ विहलउ मणुवजम्मु॥
पुण्णहु धम्महु के णाम भेउ। किं कोवि अवर आयमहँ हेउ॥
हउँ मुणमि गावि महिसीहिँ दुद्ध। तणु पुट्ठि पयासइ जिह सणिद्ध॥
तिह पुण्णें धम्में सुक्ख होंति। अंतरु ण कोवि इह मज्झु भंति॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तहो भण-संसय-तम-हरण-भाणु । ता आहासइ गणहरपहाणु ॥
पुण्णासव ८।१ । ३—८

यह सुनकर गौतम गणधर ने उत्तर में कहा कि "हे राजन्, यद्यपि भैंस का दूध मधुर एवं पुष्टिकर है फिर भी उसमें जिस प्रकार रोगों को दूर करने की क्षमता नहीं है, वह मात्र शरीरवृद्धि करता है, उसी प्रकार पुण्य से भी मात्र जगत्-प्रसिद्ध सांसारिक भोगोपभोग ही प्राप्त हो सकते हैं और गाय के दूध से जिस प्रकार रोगभार नष्ट हो जाता है तथा शरीर को कान्ति निर्मल हो जाती है, ठीक उसी प्रकार विशुद्ध धर्म से भवभ्रमण नष्ट हो जाता है, मनुष्य एवं देवगति के सुख-भोगों का अनुभवन करते हुए मोक्ष को प्राप्त करता है।" यही उक्त पुण्य एवं धर्म में अन्तर है—

भो भव्व राय आयण्णि इट्ठु । पुण्णहं धम्महु अंतरु गरिट्ठु ॥

घत्ता

महिसीहि खीरुवरु जइवि पुट्ठियरु तहँ वि रोउ णो हट्टइ ।
तिह पुण्णेँ वद्धउ तिजय पसिद्धउ भवि-भवि भोए पवट्टइ ॥ ८॥
पुण्णा० १ । ८ ६ । ११

गोखीरु वि रोय भारु णिण्णासइ । तणु-तणु णिम्मल कंति पयासइ ॥
तिह धम्मु वि भवभमणु विहँजिवि । णरसुरभव सुक्खइँ अणुहोंजिवि ॥
सिवपउ पावइ धम्मविशुद्धउ । एहु भेउ णं मुणहि पसिद्धउ ॥
पुण्णा० १। ६ । १—३.

राजा श्रेणिक को पुण्य एवं पाप का यह भेद बड़ा आश्चर्यजनक लगा अतः उसने गणधर से पुनः निवेदन किया कि महाराज, तब तो कृपाकर धर्म एवं पुण्य का स्वरूप मुझे अवश्य समझाइये—

राएँ पुच्छिउ पुणु गिर धारउ । लोयालोय सरूव वियारउ ॥
कि लक्खणु धम्महु सिवयारउ । पुणुहु किं पुण्णु भणइ भडारउ ॥
पुण्णा० १।६। ५-६

तब गणधर ने उक्त धम एवं पुण्य का विस्तार के साथ वर्णन किया और उनके सिद्धान्तों के समर्थन में ही प्रसंगानुकूल मार्मिक कथाएँ प्रस्तुत की गई हैं।

काव्यमूल्य—

'पुण्णासवकहा' धार्मिक आख्यानात्मक ग्रन्थ होने पर भी काव्यगुणों से युक्त है। इस ग्रन्थ में कवि ने यथास्थान अलंकारों की योजना की है और प्रसंगवश सन्दर्भों को सरस भी बनाया है। वस्तु-वर्णनों की योजना भी उपलब्ध होती है। अपभ्रंश-काव्यशैली के अनुसार ग्रन्थ का आरम्भ सज्जन-दुर्जन वर्णन से हुआ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। यों तो इस ग्रन्थ में अन्य ग्रन्थों के समान ही सज्जन-दुर्जन का वर्णन अंकित है पर यहाँ कवि की भंगि-भणिति विशेष रूप से आकर्षक है। यथा :—

पक्खावरणु वट्टइ दुसमुकालु। परदोखगाहि खलयण करालु॥
ते दूसहिँ कव्व सहाव सुद्ध। कालाहि जेम विसु खिविवि दुद्ध॥
दुज्जण परगुण ण सहंति पाव। सायेवि जि पुण्णिमससि सिपयाव॥
जइविहु परिस ते लहवि कव्वु। तउ विणएँ पेरिउँ करमि कव्वु॥
सज्जण दुज्जणहँ णिसग्ग होंति। गुणदोस गाहि पयडिउ णमंति॥

पुण्णासव० १।६।१६-२६

अर्थात् कवि ने दुर्जन स्वभाव का वर्णन करते हुए उसे कृष्ण सर्प का उपमान दिया है। जिस प्रकार कृष्ण सर्प दुग्धपान करने पर भी विषवमन करता है उसी प्रकार दुर्जन व्यक्ति दूसरे के श्रेष्ठ गुणों का श्रवण-मनन करने पर भी निन्दा ही प्रस्तुत करता है। रसपूर्ण काव्य सहृदयों का हृदयावर्जक होता है पर वही दुर्जनों के के लिए निन्दनीय बन जाता है। दुर्जन स्वभावतः दुष्ट होते हैं और वे दूसरे के दोषों को ग्रहण करते हैं। किन्तु इस पञ्चम काल के प्रभाव से दुर्जनों में परदोष ग्रहण करने की क्षमता और बढ़ गई है। कवि ने भंगि-भणिति द्वारा संयोगजन्य संवेदना की ओर संकेत किया है। संवेदनशीलता की कमी रहने पर भी संयोगी तत्त्वों के कारण संवेदनशीलता में वृद्धि हो जाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि महाकवि रइधू ने काव्यशास्त्रीय आलोचना का मनन-चिन्तन कर उक्त भंगि-भणिति की नियोजना की है। संवेदनशीलता का सिद्धान्त वर्त्तमान-साहित्य में अधिक समादृत है और श्रेष्ठ काव्य का मानदण्ड अनुभूति की प्रामाणिकता मानी गई है तथा अनुभूति की यह प्रामाणिकता संवेदनशीलता पर निर्भर है।

कवि रइधू ने सज्जन-दुर्जनों के स्वभावगत वैशिष्ट्य का ही वर्णन नहीं किया है अपितु विभिन्न संयोगी प्रभावों के कारण उनकी परिवर्तित होने वाली चेतना का भी निरूपण किया है।

वस्तुवर्णन योजना—

वस्तुवर्णन योजना का चमत्कार कवि का चन्द्रवाडपट्टन के वर्णन में देखा जा सकता है। उत्प्रेक्षालङ्कार द्वारा कवि ने उस नगरी का सरस वर्णन किया है। यथा—

चंदवाडपट्टणु विक्खायउ। तियसणयरु णं भुइ सुहदायउ॥
कालेंदी सरि चउदिसु रुद्धउ। णं भज्जइ पिउ पणय पमुद्धउ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धण-कण-कंचण सिरि संपुण्णउ। णं कय पुणु महाखरु धण्णउ ॥
सइ चित्तुव परणरहँ अगम्मो। सव्वहँ सुहयरु णं दयधम्मो ॥
सायरणुव परिहा सालंकिउ। परविवाय अरिविंद असंकिउ ॥
पंडुर पायारत्तय वित्तउ। णं णिव सवरजसेणु सुपवित्तउ ॥
धवलहरइँ धवलइँ णं सुरहर। दाणुण्णय कर जण रिद्धीसर ॥
वावाराणु रत्त जहिँ वणिवर। वसहिँ णिच्च णिव सम्माणेँ वर ॥
जहि जिणविंब समुज्जल पुज्जिया। अंडय सिहरिधयावलि खिज्जिया ॥
तोरण पउलि पयार दुरियहर। सोहण पउर विहार मणोहर ॥

पुण्णा० १।३।३-१२

अर्थात् कवि चन्द्रवाडनगर को इन्द्रपुरी के समान ज्ञानियों से सुशोभित एवं त्रिलोक में विख्यात बतलाता है। इस चन्द्रवाड के नगर के चारों ओर यमुना नदी प्रवाहित होती है, जिसके कारण यह नगरी ऐसी सुशोभित हो रही है मानों प्रियतमा पति के कण्ठ में अपनी कोमल भुजाओं को डालकर उसके साथ स्नेह में आबद्ध हो रही हो। धनधान्य से परिपूर्ण यह नगरी पुण्यात्माओं से युक्त होने के कारण सभी प्रकार से समृद्ध और मनोज्ञ है। यहाँ का शासन-प्रबन्ध इतना सबल और पक्षपात रहित है कि कोई भी परशासन उस पर आक्रमण नहीं कर सकता। जिस प्रकार मनुष्य का मन अगम्य होता है, उसी प्रकार यह नगरी भी अगम्य है। यहाँ सुखरूपी वृक्ष सदा पल्लवित और पुष्पित रहते हैं तथा धर्मात्मा व्यक्ति सदा आनन्दित रहते हुए निवास करते हैं।

कवि रइधू ने नगर की परिखा, ध्वजाओं और प्राकार का उत्प्रेक्षा द्वारा अतिशयोक्तिपूर्ण चित्रण किया है। कवि कहता है कि इस नगर को वेष्टित करने वाली परिखा समुद्र के समान गम्भीर और विस्तृत है। यही कारण है कि यहाँ पर विवादरूपी कमल विकसित नहीं होते और न प्रबल शत्रु ही आक्रमण कर सकते हैं।

नगर का प्राकार सुधा (चूने) से लिप्त रहने के कारण राजा के यश के समान अट्टहास कर रहा है और धवल उन्नत ध्वजाएँ उच्छ्रित होती हुई अमरपुरी का स्पर्श करना चाहती हैं। इन ध्वजाओं के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि मानों धनिकजन दान देने के लिए अपना हाथ उन्नत किये हुए हैं।

इस नगर के निवासी वणिग्वर अपने व्यापार में संलग्न हैं। इनकी भद्रता, व्यापार-कुशलता एवं कार्यपटुता के कारण नगराधिपति नित्य ही उनका सम्मान करता है। नगर में जिन-चैत्यालय भी सुशोभित हैं। इनके उज्ज्वल शिखर गगन-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चुम्बी हैं। तोरण ऊँचे हो-होकर प्राकार के अन्धकार को दूर कर रहे हैं तथा वहाँ के सुन्दर विहार सभी तरह से सुशोभित हो रहे हैं।

उक्त वर्णन में कवि रइधू ने अलंकारों की योजना के साथ-साथ अपनी कल्पना का चमत्कार भी प्रदर्शित किया है। कवि ने भार्या द्वारा प्रिय के साथ किये जाने वाले प्रणय का सन्दर्भ उपस्थित कर समस्त वर्णन को सरस बनाया है। इसी प्रकार परिखा, प्राकार, अट्टालिका, चैत्यालय, ध्वजाएँ एवं विहार प्रभृति का कल्पनात्मक चित्रण कर मार्मिकता अंकित की गई है।

कवि ने युद्धवर्णन, सैन्य-संचालन एवं वीरों की दर्पोक्तियों के निरूपण में भी कुशलता प्राप्त की है। यों तो अपभ्रंश-वाक्य की शब्दावली ही ऐसी है, जिससे युद्धक्षेत्र का सांगोपांग दृश्य सहज ही उपस्थित हो जाता है। कवि रइधू ने लवकुश द्वारा अयोध्या पर किये गये आक्रमण का जीवन्त चित्रण किया है। लवकुश अपनी चतुरंगिणी सेना को सन्नद्ध कर अयोध्या नगरी को आवेष्टित कर लेते हैं और अपना दूत राम लक्ष्मण की सभा में भेजते हैं। दूत के प्रस्ताव को सुनकर लक्ष्मण क्रोधावेग के कारण लवकुश की भर्त्सना करते हैं। उनका कथन है कि रावण पर विजय प्राप्त करने वाले राम की ओर वक्रदृष्टि से देखने में किसकी सामर्थ्य है? जब सभी विद्याधर और भूमिगोचरी राम को प्रणाम करते हैं तो इन दो बालकों की तो गणना ही क्या है? कवि कहता है—

एम कहेवि तूरु देवाविउ। ते चउरंगु सेणु मेलाविउ॥
हय-गय-वाहण अंतु ण दीसइ। जण वहिरइँ स जयई भासइ॥
गयणंगणु णहजाणहिं छण्णउ। णं मज्जाए चत्तु महण्णउ॥
मग्गामग्गु ण किंपि मुणिज्जइ। रयभर छण्णेँ णालोइज्जइ॥
गच्छंता वइरिया साहंता। कय दिणेहि उज्झाउर पत्ता॥
चाउदिसु रुँधिवि आमेल्लिया। पुरयण अच्छेरय मण डुल्लिया॥
दूउ विसज्जिउ सीया पुत्तहिँ। गउ सो रामु सलक्खणु जेत्तहिँ॥
पणवेप्पिणु तेँ ताहँ पउत्तउ। णिसुणहि रामयंद विण्णत्तउ॥
वज्जसंघ ससउरि संजाया। लवणंकुस णामें विक्खाया॥
ते पुण चक्कवट्टि अवयारा महि। साहंत तं जि अणिवारा॥
कोसु असेसु ताहँ अप्पेप्पिणु। सुहि णिवहु इह किरवेप्पिणु॥
ता वियसिय महुँ लक्खणु जंपइँ। खल जीवंतु जाहि तुहु संपइं॥
लवणँकुसहँ सत्ति पेच्छिमि रणि। कालें चोइय ते आया खणि॥

पुण्णासव० ११-८-१-१३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस प्रकार महाकवि रइधू ने अपने वर्णन सन्दर्भों में उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक और अतिशयोक्ति अलंकारों की योजना की है। यहाँ हम एक अन्य उदाहरण प्रस्तुत कर कवि की कल्पना का चमत्कार दिखाने की चेष्टा करेंगे। कवि चन्द्रमा के निरन्तर भ्रमणशील रहने का कारण बतलाते हुए लिखता है—

ससिपुणु अण्ण पिया कयसंगु। भमेइ णहम्मि कलंकिय अंगु॥

पुण्णासव० १-१३-८

रस-योजना

धार्मिक ग्रन्थ होने पर भी इस ग्रन्थ में शृङ्गार, वीर और शान्त रस का सुन्दर परिपाक मिलता है। वेश्याओं के वर्णन-सन्दर्भ में कवि ने शृंगारिक हावभावों और चेष्टाओं का सजीव वर्णन किया है। सम्भोग शृंङ्गार के विभाव, अनुभाव भी उपस्थित किये गये हैं। हम उद्धरण प्रस्तुत कर निबन्ध का कलेवर बढ़ाना नहीं चाहते। पर इतना सत्य है कि कवि ने संयोग के पूर्व उत्पन्न होने वाले मानसिक द्वन्द्व का स्पष्ट अंकन किया है। मनोज्ञ नायिका के दर्शन के पश्चात् नायक के मन में उत्पन्न होने वाली विभिन्न मनोभावनाएँ मनोविश्लेषण की दृष्टि से जितनी महत्त्वपूर्ण हैं उतनी ही सरसता की दृष्टि से भी।

शृङ्गार का पोषक वीर रस है! प्रस्तुत 'पुण्णासवकहा' में वीर रस के सन्दर्भ दो-तीन स्थलों पर आये हैं। लव-कुश और राम-लक्ष्मण के युद्ध में कवि ने दर्पोक्तियों के साथ वीर रस का नियोजन किया है। इस सन्दर्भ के वीर रस की तुलना हम पृथ्वीराजरासो के संयोगिता-स्वयंवर के सन्दर्भ-से कर सकते हैं। दोनों ही सन्दर्भों में वीरों की भावनाओं का चित्रण समान रूप में हुआ है। लव और कुश की वीरता और उनकी रणनीति वीरगाथा कालीन रणनीति के समकक्ष है। जब लव राम एवं कुश लक्ष्मण को युद्धभूमि में आवेष्टित कर लेते हैं, दोनों ओर के ही पराक्रमी वीर योद्धा अपनी-अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हैं पर लव और कुश की वीरता के समक्ष राम-लक्ष्मण को हतप्रभ हो जाना पड़ता है। परिस्थिति की विकटता को समझ कर सीता उपस्थित होती है और वीरता का दृश्य शान्ति में परिणत हो जाता है। नाटकीय पट-परिवर्तन के साथ वातावरण भी एक नया रूप ग्रहण कर लेता है और अग्नि-परीक्षा के बाद सीता चिरन्तन-शान्ति के हेतु वन की ओर चली जाती है।

इस प्रकार कवि रइधू ने वीर रस और शान्त रसों की योजना एक ही सन्दर्भ में नियोजित कर काव्य-चमत्कार का सृजन किया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाषा

महाकवि रइधू के इस ग्रन्थ का काव्य एवं सांस्कृतिक दृष्टि से जितना मूल्य है उससे कहीं अधिक भाषा की दृष्टि से है। इस ग्रन्थ में १४-१५ वीं सदी के मध्य में प्रयुक्त होने वाली जनपदीय भाषाओं के शब्दरूप, प्रत्यय, ध्वनितत्त्व एवं क्रिया सर्वनाम उपलब्ध होते हैं। पश्चिमी जनपदीय भाषाओं की प्रायः समस्त प्रवृत्तियाँ इस ग्रन्थ में देखी जा सकती हैं।

पूर्वी भाषाओं में मैथिली, मगही और भोजपुरी की कतिपय प्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध होती हैं। यों तो रइधू ने परिनिष्ठित अपभ्रंश के साथ तत्कालीन जनपदीय भाषाओं का प्रभाव भी उनके इस ग्रन्थ पर पड़ा है। हम यहाँ सर्वप्रथम व्रजभाषा की कुछ प्रवृत्तियों का निर्देश करते हैं। महाकवि रइधू ने एक वर्णन-प्रसङ्ग में लिखा है—

तातें पणपय जुउ मंतीवरु। सिक्खाविउ असिधेणु खिसियकरु॥
सिक्कारहिउ चोरु गय संको। वड्डु अपुण्णु भग्गु कय संको॥
असि धेणुए लउ छेयइ जा महि। वीसरियउ मंतक्खउ तामहि॥
……णिरवसेसु वड्डयहु वित्तंतो। तुहु महु गुरु तिजयम्मि महंतो॥
जिह तुह णामें सिद्धाविज्जउ। तिह परलोउ वि धुउ खिरवज्जउ॥

पुण्णासव० २।२१।३-५ एवं १२-१३

उपर्युक्त पंक्तियों में 'तातें' व्रजभाषा का सुप्रसिद्ध शब्द है, जो कि संस्कृत के 'तस्मात् कारणात्' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। 'सिक्खाविउ' शब्द भी यत्किञ्चित् परिवर्त्तन से 'सिखाविउ' के रूप में व्रजभाषा में प्रयुक्त है 'वड्डु' का प्रयोग प्राचीन व्रजभाषा में हुआ है। सर्वनाम के रूप में 'तुहु' 'महु' सीधे रूप में व्रजभाषा में प्रयुक्त है। 'जिह' व्रजभाषा में आज भी प्रचलित है। इस 'जिह' का अर्थ 'येन कारणात्' गृहीत है। रइधू ने 'तुह' 'तुज्झ' 'कालु' 'पुणु' जैसे रूप बहुलता से प्रयुक्त किये हैं। ये सभी रूप व्रजभाषा में उपलब्ध हैं। इसी प्रकार जिहाँ (३।११) ताइं (३।१।२२) गमन्तं (३।१।२४) सुढुकउ (३।१४।७) हउं (३। १४।१) तउ (३।१४ घत्ता) होउ, जाउ (१।१५।५) जैसे अनेक रूप और शब्दों का प्रयोग कवि ने किया है। ये सभी रूप आज भी व्रजभाषा में प्रचलित हैं।

कोशली या अवधी के अध्ययन के लिए भी इस ग्रन्थ का महत्त्व है, क्योंकि शब्दों के साथ परसर्ग एवं प्रत्यय अवधी के सन्निकट हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पूर्वी भाषाओं में मैथिली एवं भोजपुरी की प्रधानता है। भोजपुरी का 'बैठव' रूप प्रसिद्ध है। 'पुण्णासवकहा' में यह शब्द 'वइठउ' (१।१५।१) के रूप में आया है। इसी प्रकार 'तुरन्व' 'पोट्टल' (पोटरी) 'अंगु' 'संगु' जैसे रूप भी प्रयुक्त हैं।

भोजपुरी और मैथिली की प्रधान प्रवृत्ति लकार के स्थान पर रेफ को है। कवि रइधू ने इस ग्रन्थ में सर्वत्र लकार का ही प्रयोग किया है। यदि इस लकार को रेफ़ में परिवर्त्तित कर दिया जाय तो अनेक शब्द और रूप भोजपुरी और मैथिली के हो जाएँगे।

आधुनिक हिन्दी भाषा के अध्ययन की दृष्टि से भी 'पुण्णासवकहा' का महत्त्व है। इसमें कोढ़ (१।१३।७) देहली (१।१४।७) चुल्लू (१।१४।७) तुरन्व (२।४।२०) बूढ (४।६।११) थिरता (१०।१) इत्यादि शब्द मिलते हैं जो कि ठेठ हिन्दी के हैं।

कवि ने भाषा को काव्यात्मक सरसता प्रदान करने के लिए सूक्तियों का भी प्रयोग किया है। ग्रन्थ में वे प्रसंगानुकूल सर्वत्र व्याप्त हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ को यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—

कम्मेँ उच्चु णिच्चु विरइज्जइँ।

अर्थात् कर्म से ही ऊँच अथवा नीच गति मिलती है। १।१५।२.

ईसु धणड्ढु सयल अग्गेसरु।

यत्किंश्चित् धनवान् भी सभी लोगों के बीच अग्रेसर माना जाता है १।१५।३.

णीचु सु होइ कय कम्मेँ दुहहरु।

नीच वही है जो दुष्कर्म करता है। १।१५।३.

कुलतिय विणु घर ठिदि अणिट्ठु।

कुलीन स्त्री के बिना घर की स्थिति अनिष्टकर हो जाती है। ८।१।६.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री जैन सिद्धान्त भवन, आरा के अप्रकाशित ग्रन्थों में से एक लघु ग्रन्थ—

कनककीर्ति रचित कषाय-जय-भावना

मानव अनादिकाल से इस संसार में भटकता आया है और भटकता रहेगा कषायों के कारण। कषाय अपनी आत्मा के शुद्ध स्वरूप को बिगाड़कर उसमें अशुद्धता उत्पन्न कर देती हैं। कषायों के कारण ही मानव पारस्परिक प्रेम एवं सहानुभूति को भी तिलाञ्जलि दे देता है। मुनि कनककीर्ति ने अपने इस लघु ग्रन्थ 'कषाय जयभावना' में कषाय के कारण मानव में आये हुए वाह्य विकारों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत लघु रचना बड़ी ही सरस, सरल एवं मार्मिक है। इसकी मूल प्रति कन्नड लिपि में ताडपत्र पर अंकित है। बड़े ही परिश्रम के साथ उसकी देवनागरी में प्रतिलिपि कर सावधानीपूर्वक सम्पादन एवं अनुवाद कर सर्वप्रथम यहाँ वह प्रकाशित की जा रही है।

कषाय-जयभावना

येन कषाय च तुष्कं ध्वस्तं संसार दुःखतरुबीजम्
प्रणिपत्य तं जिनेन्द्रं कषाय जय भावनां वक्ष्ये ॥१॥

अर्थ—जिसने संसार के दुःखरूपी वृक्ष के बीजस्वरूप (क्रोध, मान, माया लोभ) चार कषायों को नष्ट कर दिया है उन जिनेन्द्र भगवान् को नमस्कार करके (मैं कनककीर्ति) कषाय-जयभावना को कहूँगा।

क्रोध-वर्णन

कोपी नाशयति क्षणेन विपुलां सत्सञ्चितां संपदम्।
कोपी च त्यजति द्रुतं प्रणयिनीं भार्यां स्वकीयामपि।
(१) कोपी पुण्यजनोचितान् सुखकरान् ………
प्रायः कोपवशस्त्यजेत्तृणमिव स्वं जीवितव्यं जनः ॥२॥

अर्थ—क्रोधी व्यक्ति क्रोध के वश में होकर चिरकाल से संचित विपुल धन-राशि को एक ही क्षण में नष्ट कर देता है। अपनी प्राणप्रिय पत्नी को भी त्याग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देता है। क्रोधी व्यक्ति क्रोध के वशीभूत होकर पुण्यवान् व्यक्तियों के योग्य, सुख-दायक तथा श्रेष्ठ यश प्रदान कराने वाले कार्यों एवं अपने जीवन को भी तृण की तरह त्याग देता है।

भ्रूभङ्गभङ्गुरितभीमललाटपट्टं
रक्तं विरूपमपि कम्पन सर्वगात्रम्।
प्रस्खलद्वचनमुद्गतलोलदृष्टिं
कोपः करोति मदिरेव जनं विचेष्टम् ॥३॥

अर्थ—क्रोध मनुष्य को शराब की तरह निश्चेष्ट बना देता है। टेढ़ी भौंहें, भयानक ललाट लाल एवं कुरूप कम्पित शरीर चञ्चलदृष्टि, वचनों की अस्थिरता आदि।

नो संवृणोति परिधानमपि स्वकीयं।
भाण्डानि चूर्णयति हन्ति शिशून् प्रदुष्टः।
स्वात्म्यं परं परिभवत्यपि मुक्तकेशः
कोपी पिशाचसदृशं स्वकमातनोति ॥४॥

अर्थ— क्रोधी अपने शरीर के वस्त्रों को भी नहीं सम्हाल पाता है। दुष्टता-पूर्वक बर्तनों को तोड़ता है, बच्चों को मारता है। केशों को खोलकर अपने तथा दूसरों का अपमान करता है। क्रोधी स्वयंको पिशाच के समान बना लेता है।

कोपेन कश्चिदपरं ननु हन्तुकाम-
स्तप्तायसं स परिगृह्य करेण मूढः।
स्वंनिर्दहत्यपरमत्र विकल्पनीयं
किं वा विडम्बनमसौ न करोति कोपः ॥५॥

अर्थ—क्रोध से किसी दूसरे को मारने का इच्छुक होकर, वह मूर्ख हाथ में तपाये हुए लोहे को लेकर स्वयं को जलाता है या अन्य को यहाँ विचारणीय है। यह क्रोध कौन-कौन सी विडम्बनाएँ नहीं करता है।

न स्वामिनं न नृपतिं न गुरुं न मित्रं
नो मातरं न भगिनीं न च बन्धुलोकम्।
नो मन्यते प्रणयिनीमपि हन्तुकामो
ह्यात्मं च शत्रुसदृशं विदधाति कोपी ॥६॥

अर्थ—क्रोधी व्यक्ति मारने का इच्छुक होकर, न स्वामी को, न राजा को, न गुरु को, न मित्र को, न माता को, न बहिन को, न भाइयों को और अपने प्रेमी लोगों को भी नहीं मानता है। स्वयं शत्रु के समान बना लेता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चित्तेन चिन्तयति यद्यदचिन्तनीयं
वक्त्रेण जल्पति च यद्यदभाषणीयम्
तद्वा करोति ननु यन्न करोति वैरी
मन्ये सदा भवति दुर्जनवत्प्रकोपः ॥७॥

अर्थ—क्रोधी व्यक्ति अचिन्तनीय वस्तु के सम्बन्ध में मन में चिन्ता करता है। अभाषणीय वचन मुख से बोलता है। शत्रु भी जिस कार्य को नहीं करता वह कार्य वह करता है। क्रोधी व्यक्ति सदा दुष्ट के समान होता है।

दानं न पूजां न तपो न शीलं
स्वाध्याय मौनं व्रतधारणं च।
कोपाग्निसंतापितमानसस्य
परे गुणाः केऽपि न सन्ति तस्य ॥८॥

अर्थ—क्रोध की अग्नि से संतापित हृदय वाला न दान देता है, न पूजा करता है, न सदाचार का पालन करता है। स्वाध्याय एवं व्रत धारण करने के प्रति मौन रहता है। इनके अतिरिक्त उसके और कोई भी गुण नहीं होते हैं।

कोपी न शेते, न सुखेन भुङ्क्ते परस्य दुःखं सततं समिच्छन्
प्रजल्पितै र्वा बहुभिः किमत्र-कोपो नृणां मूलमनर्थ राशेः ॥६॥

अर्थ—क्रोधी व्यक्ति निरन्तर दूसरों को दुःखी चाहता हुआ न सुख से सोता है और न सुख से खाता है। अधिक बकने से क्या लाभ ? क्रोध मनुष्यों के लिए अनर्थों की जड़ है।

विमुक्तिकान्तासुखसाधकं यत् - संमार्जितं चारुचरित्रमुद्घम्
कोपाग्निना तत्परिदह्य सर्वं द्वीपायनः संसृतिमध्युवास ॥१०॥

अर्थ—मोक्षरूपी लक्ष्मी के सुख को देने वाले सुन्दर पवित्र चरित्र को क्रोधरूपी अग्नि में जलाकर द्वीपायन मुनि संसार में ही रहे।

मान का फल

जातिर्मे विपुला कुलं सुविपुलं रूपं जगत्सुन्दरं
बुद्धिस्तीक्ष्णतरा व्रतं समधिकं लोकातिगं वैभवम्।
विज्ञानं जन - चित्रकारि सुतपश्चेतश्चमत्कारि मे
स्वस्याधः स्थितमित्ययं जगदिदं मानी सदा मन्यते ॥११॥

अर्थ—मानी व्यक्ति सदा ऐसा मानता है कि मेरी जाति बड़ी है, कुल बड़ा है, संसार में सबसे अधिक सुन्दर रूप है, बुद्धि सबसे अधिक तीव्र है, मैं सर्वाधिक व्रती हूँ। संसार से भी अधिक वैभव है, सभी को आश्चर्य में डालने वाला ज्ञान है, चित्त को आश्चर्य में डालने वाली तपस्या करता हूँ। यह सारा संसार मुझ से नीचा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भवभयहरं शान्तं धीरं जिनं न विलोकते ।
न खलु सुखदं पूतं धर्मं कुधी रोगे विगाहते ।।
हितमपि गुरोः सत्यं वाक्यं नरो न समीहते ।
कथमपि निजं मानं मानी न जातु विमुञ्चति ।।१२।।

अर्थ—मानी व्यक्ति, संसार के भय का विनाश करने वाले शान्त, धीर, जिनेन्द्र के दर्शन नहीं करता है। कुबुद्धि रूपी रोग में फँसा हुआ, सुख देनेवाले पवित्र धर्म को धारण नहीं करता है। गुरु के हितकारी तथा सत्य वचनों को नहीं चाहता है किसी भी तरह मानी व्यक्ति अपने मान को नहीं छोड़ता है।

न तदरिरतिरुष्टः केसरी नो हुताशो ।
न च जनयति दुःखं भक्षितं कालकूटम् ।
विषमपि विषधरोऽहिस्तन्नये देहिनोस्य ।
जनयति बहुदुःखं मान एवातिदीर्घम् ।।१३।।

अर्थ—जैसे शत्रु से अत्यधिक रुष्ट सिंह आग को नहीं देखता है। खाये गये विष में भी दुःख का अनुभव नहीं करता है प्राणियों को सर्प के विष की तरह यह मान अत्यधिक दुःख उत्पन्न करता है।

न भोजयत्यपरमात्मगृहे कदाचिन्
नैव स्वयं परगृहे भणितोऽपि भुङ्क्ते ।
मानी मदज्वरसमाकुलचित्तवृत्तिः ।
नो वक्ति भाषयति कंचन मोहितात्मा ।।१४।।

अर्थ—मानी व्यक्ति कभी भी दूसरों को अपने घर पर नहीं खिलाता है तथा कहने पर भी दूसरे के घर पर नहीं खाता है। मदज्वर से पीड़ित चित्तवाला मानी व्यक्ति मोहित होकर किसी से कुछ भी नहीं बोलता है।

विद्यां न कीर्तियशसी न तपो न मैत्रीं
नो संपदं न विभुतां न च मन्त्रतन्त्रम् ।
लोकद्वयेऽपि सुखमन्यदपि प्रशस्तं
स्वं वाञ्छितं हि लभते न कदापि मानी ।।१५।।

अर्थ—मानी व्यक्ति न विद्या को, न यश को, न तप और न मित्रता को, न संपत्ति न प्रभुता, तथा न तन्त्रमंत्र को, दोनों लोकों में और दूसरे भी सुख को कभी भी प्राप्त नहीं करता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुरन्त-संसार-समुद्र-तारकं　　प्रपन्नसौख्यामलसिद्धिसाधकं
सद्हेतुकं यद्यपि भव्यते बुधैः श्रणोति मानी न तथापि सद्वचः ॥१६॥

अर्थ—सज्जनों के श्रेष्ठवचन यद्यपि कठिन संसाररूपी समुद्र से पार करने वाले, पवित्र सुख एवं सिद्धि प्रदान करने वाले होते हैं। ऐसा विद्वानों का कथन है फिर भी मानी व्यक्ति सज्जनों के वचनों को नहीं सुनता है।

स्वबन्धुभिः सद्वचनैरुदारैः सभाजनैर्वा बहुपण्डितैश्च
विबोध्यमानोऽपि सहस्रशोऽज्ञस्तथापि मानं न जहाति मानी ॥१७॥

अर्थ—अपने बन्धुओं, सभा के सज्जनों एवं अनेक विद्वानों के द्वारा श्रेष्ठ तथा उदार वचनों से हजारों बार समझाया जाने पर भी मूर्ख मानी व्यक्ति अपने मान को नहीं छोड़ता है।

न मानिनः केऽपि भवन्ति दासाः न मित्रतां याति हि कश्चिदेव।
निजोऽपि शत्रुत्वमुपैति तस्य किं वाथ मानो न करोति नृणाम् ॥१८॥

अर्थ—कोई भी मानी व्यक्ति की दासता स्वीकार नहीं करता, न कोई मित्रता ही करता है। उसके अपने लोग भी शत्रु हो जाते हैं। मान मनुष्य को क्या नहीं करता है?

सर्वदा कलित तातवचोभ्यां न्यायधर्मसमभावरतिभ्याम्।
यत्कृतं भरतबाहुबलिभ्यांमानदोष इति सोऽत्रजिनोक्तम् ॥१९॥

अर्थ—जिनेन्द्र भगवान ने बताया है कि मानदोष के ही कारण हमेशा पिता के वचनों को पालने वाले, न्यायधर्म एवं समानता के भाव में प्रीति करने वाले भरत और बाहुबलि ने जो किया; वह सर्वविदित है।

माया-वर्णन

अभ्युत्थानविधिं करोति सहसा बाष्पाम्बुपूर्णेक्षणो
　　गाढं श्लिष्यति भाषतेऽति मधुरं दत्ते निजार्धासनम्।
कृत्यं तत्पुनरन्यथा च कुरुते मायासमेतः पुमान्
　　यस्तं साधु विगर्हितं खलजनं कः सेवते शुद्धधीः ॥२०॥

अर्थ—मायाचारी अचानक अश्रुपूर्ण नेत्र से (हर्ष व्यक्त करता हुआ) सत्कार करता है। गाढ़ आलिंगन करता है, मधुर वचन बोलता है, अपना आधा आसन देता है परन्तु कार्य विपरीत ही करता है ऐसे साधुओं द्वारा निन्दित दुष्ट व्यक्ति की कौन श्रेष्ठ बुद्धिवाला सेवा करता है अर्थात् कोई नहीं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्याघ्री नो कुपिता न चापि शरभी नैवान्तकी राक्षसी
शस्त्रेणापि तथा न पावकशिखा नो शाकिनी डाकिनी।
नो वज्राशनिरुत्तमांगपतिता सर्वस्वहानिस्तथा
दुःखं भूरि यथा करोति रचिता माया नृणां संसृतौ ॥२१॥

अर्थ—संसार में माया मनुष्यों को जितना अधिक दुःख देती है तथा हानि पहुँचाती है वैसी न क्रोधित व्याघ्री से न शरभी से, न राक्षसी से, न हथियार से, न अग्नि की शिखा से, न शाकिनी डाकिनी से तथा न मस्तक पर गिरे हुए व्रज से हानि होती है।

त्यक्ताशेषपरिग्रहा अपि सदा विज्ञातशास्त्रा अपि।
शश्वद्द्वादशभेदतत्त्ववदतपसा संपीडितांगा अपि
केचिद्भैरव गौरवाद्विहितया दुर्लक्षया मायया
मत्वा यान्ति कुदेव योनिमवशा माया न किं दुःखदा ॥२२॥

अर्थ—समस्त परिग्रहों का त्यागी, सभी शास्त्रों का ज्ञाता हमेशा बारह प्रकार के तप से शरीर को पीडित करने वाला अत्यन्त गौरव को प्राप्त करके भी दुर्लक्ष्य माया के कारण कुदेव योनि में जाता है। माया मानव को कौन सा दुःख नहीं देती है ? अर्थात् माया संसार में मानव को अत्यन्त दुःखदायी है।

छिद्रावलोकनपरं सततं परेषां जिह्वाद्वयेन भयदानविधानदक्षम्
अन्तर्विपाक हृदयं कुटिलस्वभावं माया करोति हि नरं सभुजंगचेष्टम् ॥२३॥

अर्थ—माया व्यक्ति को सदा दूसरों के दोषों को देखने में चतुर दो जिह्वा अर्थात् चुगल खोरी की आदत के द्वारा दूसरों को भय देने वाला, कुटिल स्वभाव के कारण हृदय में बदले की भावना से पूर्ण, तथा सर्पों की चेष्टा वाला बनाती हैं।

धीरोऽपि चारुचरितोऽपि विचक्षणोऽपि
शीलालयोऽपि सततं विनयान्वितोऽपि।
बुद्धोऽपि वृद्धधनवानपि धीधनोऽपि
मायासखः सदसि याति लघुत्वमेव ॥२४॥

अर्थ—धीर, सच्चरित्र, बुद्धिमान, सुशील, हमेशा नम्रतागुण से विभूषित, सजग, वृद्ध धनवान और पूर्ण विद्वान भी व्यक्ति अगर माया की दोस्ती करता है तो सभा में लघुता को प्राप्त करता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आराध्यमानस्यच देववृन्दं प्रपूज्यमानस्य हि साधुवृन्दम्
निषेव्यमानस्य तु राजलोकं न मायिनः सिद्ध्यति कार्यजातम् ॥२५॥

अर्थ--देवताओं की पूजा करने वाले, साधुओं की सेवा करने वाले तथा राजा की सेवा करने पर भी मायाचारी का कोई भी कार्य सिद्ध नहीं होता है।

न तस्य माता न पिता न मित्रं न बान्धवा न स्वजनाः न पुत्राः
चाटूनि कुर्वीत्यतो ऽपि नित्य न मायया विश्वसिति हि कोऽपि ॥२६॥

अर्थ - न उसकी माता है, न पिता, न मित्र, न बन्धु, न अपने सम्बन्धी, न पुत्र, मायापूर्णचापलूसी प्रदर्शित करने वाले पर कोई भी विश्वास नहीं करता है।

न मायया धर्मयशोऽर्थकामा न चेह पूजा न परत्र सिद्धिः
न प्राप्यते किञ्चिदपीष्टमन्यदतोहि माया सुखदा न कस्यचित् ॥२७॥

अर्थ—माया से धर्म, यश, अर्थ, काम और इस लोक में प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं होती है न परलोक में सिद्धि ही होती है। अन्य भी कोई अभिलषित वस्तु प्राप्त नहीं होती है। अतः माया किसी को भी सुखदायी नहीं है।

राजा धर्मरतः सतामभिमतः श्रीमान् विशुद्धाशयो
न्यायान्यायविचारणैकचतुरो निःशेषशास्त्रार्थवित्।
व्यक्तं सानृत भाषया किल गतः पातालमूलं वसुः
संसारे ऽस्ति किमत्र दुःखमतुलं यन्नाप्यते मायया ॥२८॥

अर्थ—धर्म में लीन, सज्जनों से सम्मानित, सम्पत्तिशाली, शुद्ध विचारवान्, न्याय-अन्याय का विचार करने में चतुर, समस्त शास्त्रों के अर्थ को जानने वाला, भी राजा वसु असत्यभाषण से नरक गया अतः संसार में ऐसा कौन-सा दुःख है जो माया से प्राप्त नहीं होता है।

लोभ

शृंगाग्रं सहसाऽधिरोहति गिरेर्भूमण्डलं भ्राम्यति।
दोर्भ्यां सिन्धुजलं तितीर्षति चिरं देशान्तरं लङ्घते।
भूरन्ध्रं विशति प्रसर्पतिदिशः सर्वाश्च वित्ताशया
तत् किं साहसमस्ति यन्न कुरुते लोभाकुलोऽयं जनः॥

अर्थ—लोभी व्यक्ति लोभ के कारण अचानक ही पर्वत की चोटी पर चढ़ जाता है। पृथ्वी मण्डल पर घूमता है। भुजाओं से समुद्र के जल में तैरना चाहता है तथा देशान्तरों को पार करता है। पृथ्वी के नीचे प्रवेश करता है। धन के लिए दिशाओं में भ्रमण करता है और कौन-सा साहस है जो लोभी व्यक्ति नहीं करता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वित्तार्थी नृपसेवया विषहते कष्टं निशा जागरं
उष्णं वाथ न मन्यते न शिशिरंतोयं न मेघागमे
आदेशं प्रतिपद्य तस्य विषमं साप्नोति संप्रेक्षणी
लोभेनानुरतेन चेतसि सदा किं किं न कुर्याज्जिन : ॥३०॥

अर्थ—धन का इच्छुक व्यक्ति राजा की सेवा से रात्रि में जागकर कष्ट सहन करता है। गर्मी, ठंड, जल या बरसात का ध्यान नहीं करता है। उसका आदेश पाकर अपनी दृष्टि को ही बदल लेता है। लोभासक्त व्यक्ति क्या-क्या नहीं करता है।

शेते नित्यं त्रुटितशटिते मञ्चके भग्नपादे।
भुङ्क्ते स्तोकं तदपि कुथितं जीर्णमन्नं क्षुधार्तः।
धत्ते शीर्णं मलमलिनितं वस्त्रखण्डं च कस्या
मेवं लोभी द्रविणमधिकं प्रत्यहं संचिनोति ॥३१॥

अर्थ—नित्य टूटे हुए पादवाली टूटी खाट पर सोता है। भूख से पीड़ित होकर सड़ा-गला अन्न खाता है। शरीर पर फटा हुआ मैला वस्त्र धारण करता है। इस प्रकार लोभी प्रतिदिन अत्यधिक धन का संचय करता है।

जिनालयमनुत्तरं ननु न कारयत्युज्ज्वलं
जिनाधिपतिपूजनं न च करोति सत्संगमम्।
ददाति च तपस्विनां प्रतिदिनं न दानं महद्
हिरण्यमपि वर्धयन् मरणमेति लोभी जनः ॥३२॥

अर्थ—श्रेष्ठ एवं उज्ज्वल जिनमन्दिर नहीं बनवाता है। जिनेन्द्र देव का पूजन नहीं करता है। सज्जनों की संगति नहीं करता। प्रतिदिन साधुओं को दान नहीं देता है। इस प्रकार स्वर्ण को बढ़ाता हुआ लोभी मृत्यु को प्राप्त करता है।

भारं समुद्वहति हीनबलोऽपि नित्यं
मार्गेण गच्छति बहून्यपि योजनानि।
क्षुद्वेदनां विसहते सहते च तृष्णां
लोभाकुलः किमथवा कुरुते न कष्टम् ॥३३॥

अर्थ—कम बलशाली होने पर भी नित्य बोझ ढोता है। कई योजनों तक पैदल यात्रा करता है। भूख और प्यास की वेदना को सहन करता है इस तरह लोभी व्यक्ति क्या कष्ट नहीं सहता है अर्थात् सभी प्रकार के कष्टों को सहन करता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लिखति सिञ्चति गायति लोभवान्
कृषति सिञ्चति पाति लुनाति च।
खनति धावति नौति धनाशया
तदपि नो भवतीह धनी जनः ॥३४॥

अर्थ—लोभी व्यक्ति लिखता है, गाता है। जोतता है सींचता है, रक्षा करता है और काटता है। धनप्राप्ति की इच्छा से खोदता है, दौड़ता है। तो भी इस संसार में धनी नहीं हो पाता है।

लोभेन रात्रौ न सुखेन शेते, लोभेन लोकः समये न भुङ्क्ते
लोभेन काले न करोति धर्मं लोभेन पात्रे न ददाति दानम् ॥३५॥

अर्थ—लोभ के कारण रात्रि में सुख से सोता नहीं है। लोग लोभ के कारण समय पर खाते नहीं हैं। लोभ के कारण समय पर धर्म नहीं करते हैं। लोभ के कारण योग्य पात्र को दान नहीं देते हैं।

दुःखं न जानाति न वेत्ति सौख्यं हिताहितं लक्ष्यते न मूढः।
कालं बहुं यातमिहार्थलोलः क्षणेन तुल्यं मनुते हि लोभी ॥३६॥

अर्थ—मूर्ख लोभी व्यक्ति न दुःख जानता है न सुख, हित-अहित कुछ भी नहीं समझता है। लोभी व्यक्ति को बीता हुआ समय एक क्षण-सा मालूम होता है।

पीनाकस्य कथां निशम्य सुधियो ज्ञात्वा मृतिंचामरीं
दृष्टं तं कलहस्तकस्य निपुणं संचिन्त्य चित्ते पुनः
भव्याः श्री जिनशासने कृतधियो व्यावर्त्य चित्ते स्पृहां
संसारोद्भवदुःखदानचतुरं लोभं त्रिधा मुञ्चतु ॥३७॥

अर्थ—बुद्धिमान लोग पीनाक की कथा को सुनकर दैवी स्वरूप को जानकर, कलहस्त की निपुणता देख फिर चित्त में विचार करके, जिन शासन में स्थिर बुद्धिवाले भव्य को मन, वचन, काय से लोभ का परित्याग कर देना चाहिए।

इमे कषायाः सुखसिद्धिबाधकाः
इमे कषायाः भवबृद्धिसाधकाः
इमे कषायाः नरकादिदुःखदा
इमे कषायाः बहुकल्मषप्रदाः ॥३८॥

अर्थ—ये कषायें सुखप्राप्ति में बाधक हैं। संसार सागर में भटकाने वाली हैं। नरकादि के दुःख देने वाली एवं अनेक प्रकार से पापी बनाने वाली हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कषायवान्नो लभते सुदर्शनं
कषायवान् ज्ञानमवैति नोज्ज्वलम् ।
कषायवाञ्चारुचरित्रं मुष्णाति
कषायवान मुञ्चति शोभनं तपः ॥३६॥

अर्थ—कषायवान मनुष्य सम्यग्दर्शन को प्राप्त नहीं करता है। सम्यग्ज्ञान को प्राप्त नहीं करता है। सम्यग्चारित्र का विनाश करता है तथा श्रेष्ठ तपस्या का भी त्याग कर देता है।

यतः कषायैरिह जन्मवासे समप्यते दुःखमनन्तपारम्
हिताहितं प्राप्त विचार दक्षैरतः कषायाः खलु वर्जनीयाः ॥४०॥

अर्थ—कषायों के कारण मनुष्य इसी संसार में अनन्त बार जन्म लेता है, अनन्त दुःखों को प्राप्त करता है अतः हित-अहित का विचार करने वाले चतुर व्यक्तियों को कषायों को छोड़ देना चाहिए।

इति कनककीर्तिमुनिना कषायजयभावना प्रयत्नेन ।
भव्यजनचित्तशुद्धयै विनयेन समासतो रचिता ॥४१॥

अर्थ—इस प्रकार कनक कीर्ति मुनि ने बड़े ही प्रयत्न से भव्य जीवों की चित्त-शुद्धि के लिए संक्षेप में कषाय जयभावना ग्रन्थ की रचना की है।

॥इति कषायजयभावना चत्त्वरिंशत्समाप्तः ॥

अनुवादक—नेमिचन्द्र जैन एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी) साहित्याचार्य, जैनबालाविश्राम, आरा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राकृत भाषा का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ–कोष्टक चिंतामणि

अगरचन्द नाहटा

भारतीय भाषाओं में संस्कृत के बाद प्राकृत ही सर्वाधिक उल्लेखनीय और महत्त्वपूर्ण भाषा है। संस्कृत में जिस प्रकार जीवनोपयोगी प्रत्येक विषय का साहित्य उपलब्ध है उसी तरह प्राकृत भाषा में भी सभी विषयों के साहित्य का निर्माण होता रहा है। भारत की दो प्रधान संस्कृतियों में से वैदिक संस्कृतिवालों ने संस्कृत में प्रधान रूप से साहित्य निर्माण किया। इसी तरह श्रमण संस्कृति वालों ने जन-साधारण की—प्राकृत भाषा में निरन्तर साहित्य निर्माण करते रहकर प्राकृत साहित्य को विशाल एवं समृद्ध बनाया। श्रमण संस्कृति में भी जैनों की इस विषय में सबसे अधिक देन है क्योंकि बौद्ध धर्म का प्रचार विदेशों में अधिक हो गया और उन-उन देशों की भाषाओं में बौद्ध साहित्य का अनुवाद एवं मौलिक ग्रन्थों की रचना अधिक होने लगी। इधर संस्कृत के बढ़ते हुए प्रभाव ने भी बौद्धों को अधिक प्रभावित किया। फलतः प्राचीन त्रिपिटक आदि ग्रन्थों के बाद बौद्ध साहित्य, संस्कृत, तिब्बति, जापानी, चीनी आदि भाषाओं में अधिक प्राप्त है जबकि जैनों ने संस्कृत एवं लोक भाषाओं में साहित्य निर्माण करने के साथ-साथ प्राकृत भाषा में भी विविध विषयक साहित्य निर्माण की परम्परा चालू रखी। इससे गत २५०० वर्षों में इनके रचित प्राकृत रचनाओं की संख्या का परिमाण बहुत विशाल है। साथ ही उनकी रचित प्राकृत रचनाएँ जीवनोपयोगी प्रत्येक विषय को हैं एवं प्रत्येक शताब्दी में वह सृजन परम्परा अनवरत रूप से चालू रही है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज भी कई जैनाचार्य एवं मुनि प्राकृत साहित्य के निर्माण में संलग्न हैं। आचार्य विजयकस्तूर सूरिजी ने तो आचार्य हेमचन्द्र के त्रिषष्टीशलाका पुरुष चरित्र के प्रथम खंड का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राकृत में पद्यानुवाद किया है। और विजयपद्मसूरि तो निरन्तर छोटी-मोटी प्राकृत रचनायें बनाते ही रहते हैं।

प्राकृत भाषा के साहित्य संबंधी दो इतिहास प्रकाशित हो चुके हैं। प्रथम डा० जगदीशचन्द्र जैन का और दूसरा डा० नेमिचन्द्र शास्त्री का, पर प्राकृत साहित्य प्रकाशित बहुत कम हुआ है और हस्तलिखित सामग्री का उपयोग करना उनके लिए सहज नहीं था। इसलिये इन दोनों प्राकृत साहित्य के इतिहास ग्रन्थों में अनेकों महत्त्वपूर्ण प्राकृत रचनाओं का नामोल्लेख तक नहीं हो पाया है।

जैन धर्म के दो प्रधान सम्प्रदाय हैं—श्वेताम्बर और दिगम्बर। इनमें से दिग-सम्प्रदाय ने धार्मिक विषयों के तो अनेकों ग्रन्थ-प्रधानतया शौरसेनी प्राकृत में लिखे हैं। पर श्वेताम्बरों ने जैन महाराष्ट्री प्राकृत में विविध विषयक जितना विशाल प्राकृत साहित्य का निर्माण किया वह दिगम्बर प्राकृत साहित्य से बहुत अधिक और महत्त्वपूर्ण है। मध्यकाल में मंत्र, यंत्र, तंत्र का भी काफी प्रचार और प्रभाव रहा। शैव एवं शाक्त तथा बौद्ध तांत्रिक ग्रन्थों की विशालता से यह भली-भाँति स्पष्ट है। जैनों ने भी इस प्रभाव को आत्मसात किया पर अपने मर्यादा और विवेक के साथ। इसलिये वे शैव, शाक्त, बौद्ध तांत्रिकों की तरह पतनोन्मुख नहीं हुए। सात्विक आदर्शों को अपनाये रखने और ब्रह्मचर्य, संयम, तप आदि से विभूषित होने के कारण जैनाचार्यों एवं यतियों आदि ने जो प्रसिद्धि प्राप्त की, वे अपनी साधना में भी अधिक सफल हुए और जैन धर्म के प्रचार या शासन प्रभावना में जैनाचार्यों आदि ने जो सिद्धि प्राप्त की वह बहुत ही उल्लेखनीय है। जनकल्याण में भी उन्होंने अपनी सिद्धियों का प्रचुर उपयोग किया। आज भी जो थोड़े से मंत्र-तंत्र-विद् जैन यति हैं उनकी जैन एवं जैनेतर समाज में दूसरों की अपेक्षा अधिक प्रतिष्ठा है।

मन्त्र का सम्बन्ध अक्षर या शब्द से है और यन्त्र का कोष्टक आदि आकृति विशेष से। तंत्र में विधि-विधान का प्राधान्य है। यंत्र अनेक प्रकार के बनाये जाते थे और उनका चमत्कार भी मन्त्र की तरह ही दिखाई देता है। आज भी बहुत से यंत्र लिखकर अनेक रोगियों को रोग-मुक्त किया जाता है। यंत्र लिखे हुए पत्र को पानी में घोलकर वह पानी पिलाया जाता है। मन्दिरों में ताम्बे, पीतल, चाँदी आदि के अनेक तरह के यंत्र मूर्ति की तरह ही पूजे जाते हैं। अनेक यंत्रों का प्रभाव मैंने स्वयं देखा है। अभी-अभी मेरे भ्रातृपुत्र वंशीलाल के मस्से में काफी खून पड़ने लगा। काफी उपचार करने पर भी लाभ न हुआ। मैं उस समय करीमगंज में था सो सिलचर से फोन आया कि करीमगंज में अमुक नाम-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाले बंगाली सज्जन इस रोग निवृत्ति के लिये एक यंत्र देते हैं उसे बनाकर शीघ्र भेजा जाय। तदनुसार मंगलवार को वृद्ध बंगाली सज्जन से यंत्र प्राप्त कर तत्काल सिलचर भेजा गया और बाँधने के बाद से ही खून पड़ना बन्द हो गया। भारतवर्ष की मंत्र, तंत्र, यंत्र की विद्यायें बहुत ही चमत्कारपूर्ण थीं, जिनके प्रति दिनों-दिन अविश्वास बढ़ता जा रहा है और उपेक्षा के कारण इनका लोप होता जा रहा है। हस्तलिखित प्रतियों में बहुत ही अनुभूत प्रयोग और मंत्र, तंत्र आदि लिखे हुए मिलते हैं, जिनका एक समय में बड़ा भारी प्रभाव और प्रचार रहा है। अश्रद्धा एवं उपेक्षा के कारण आज हम उनसे कुछ भी लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

यंत्र अनेक प्रकार के लिखे जाते थे। केवल एक पन्दरहिया एवं बीसा (पन्द्रह और बीस संख्यावाले कोष्टकों) को ही अनेक प्रकार से लिखा जाता था। इन यंत्रों के कोष्टकों के सम्बन्ध में आगम गच्छीया श्री देवरत्न सूरि के शिष्य वाचनाचार्य शील सिंह ने प्राकृत भाषा में एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ रचा है, जिसका नाम है—कोष्टक चिंतामणि। मूल ग्रन्थ प्राकृत भाषा की १५१ गाथाओं में रचित है। इन गाथाओं पर ग्रन्थकार ने स्वयं संस्कृत भाषा में विस्तृत वृत्ति लिखी है, जिसका परिमाण ३ हजार श्लोकों से भी अधिक का है। वृत्ति में मूल ग्रन्थ को चार वक्षस्कार में विभक्त कर दिया गया है। मूल ग्रन्थ की हस्तलिखित प्रति ११ पत्रों की है और टीका सहित १०१ पत्रों की है। दोनों प्रतियाँ एक ही व्यक्ति की लिखी हुई है। अक्षर बड़े तथा सुन्दर और सुवाच्य हैं। दोनों प्रतियाँ आगम प्रभाकर सौजन्यमूर्ति मुनि श्री पुण्यविजयजी के संग्रह की हैं। जो वर्तमान में लाल भाई दलपत भाई भारतीय संस्कृति विद्या मन्दिर, अहमदाबाद के महत्वपूर्ण संग्रह में सुरक्षित हैं। हमने दोनों प्रतियों की अपने अभय जैन ग्रन्थालय के लिये प्रतिलिपि करवा ली है। मेरे भ्रातृपुत्र भँवरलाल ने कलकत्ता में इस प्रतिलिपि को बड़े मनोयोग से तैयार किया है। ग्रन्थ का परिचय नीचे दिया जा रहा है।

कोष्टक चिन्तामणि, मूल गाथा १५१

आदि-सिरिवीर जिणं नमिउं, बहुविह जंतंकलिहण करणाइ।
इह भणइ सील सिंहो, आगमिउ वायणायरिउं ॥१॥
चउरं सवट्टा भया, दुविहा अंकाण जंतिया नेया।
वट्टा तत्थदु भेया, गब्भं किण रहिय सहियाय ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चउरं साविय विसमा, समाय नव कोट्ठि सोलकुट्ठिमुहा।
विसमाण तत्थ जंताणि, माइं करणाइं हुंतिकमा ॥३॥
अन्त-विसम सम वट्ट जंता, समासओ-रावमित्थ जे भणिया।
तेसिं विहि महिमा इय, नेयं सव्वं गुरु पसाया ॥१५०॥
सिरि देवरयण गुरुवर, गुण लंकिय सील सालि मुणि सिंघो।
तस्सीमुवुट्ठ पूरण, सुरमणि गन्थं इमं भणइ ॥१५१॥

इति कोष्टक चिंतामणि ग्रन्थः। साद्धशतक रूपः सम्पूर्णः।

श्री श्री आगम गच्छेश श्री देवरत्न सूरिवर शिष्य वाचनाचार्य पं० शील सिंह कृतिरियं चिरंजीयात् ॥

लेखक पाठकयो शुभं भवतु।

अब वृत्ति का परिचय दिया जा रहा है। प्रथम वक्षस्कार विसम कोष्टकाधिकार नामक है:—कोष्टक चिंतामणि साद्धशतकस्यावचूर्णि लिख्यते।

सर्वज्ञं परमं ब्रह्म, ध्यात्यानत्वाचेतं गुरुं।
कोष्ट चिंतामणि ग्रन्थं, विव्रणोमिमनागहं ॥१
अत्र सूत्रं ॥ सिरि० ॥ व्याख्या ॥

श्री वीरजिनं श्री वर्द्धमान स्वामिनं। नत्या प्रणत्य। बहु प्रकारेषु श्रूयं त्रेषु कोष्टकेषु। अंक लिखनस्य करणा नियुक्ती। इह गाणत शास्त्रे। भणति कथयति। शील सिंहः। आगमिको वाचनाचार्यः। अत्र गाथायां॥

मंगलं चाभिधेयं च, संबंधस्व प्रयोजना,
मित्येतच्चतुष्टयं स्वयमेव विलोकनीयमिति गाथार्थः ॥१॥
पूर्वं तावद्यंत्र भेदानाह ॥ वउ०। चउ० ॥

अनयोर्व्याख्या ॥ अंकानां यंत्रा एवं यंत्रकाः। कोष्टका—द्विविधाज्ञेयया:। चतुरस्र वृत्त भेदात्। एके चतुरस्राअन्ये वृताश्च। तत्थति। तत्र तयोर्मध्ये वृत्त कोष्टका द्विभेदा द्विप्रकाराः। एके गर्भा केन रहिता: मध्यांकेन शून्याः। चः समुच्चये अपरे गर्भा केन सहिताः। चौरं सत्ति। चतुरस्रा अपि चकाराद् द्विभेदाः। विसमा समाश्चः विसमाभिहि पंक्ति भिर्विषमेश्चां। के निमितास्ते यंत्राविषमाः नव कोष्टी मखाः। नवानां कोष्टानां समाहारो नव कोष्टी। त्रिगृह यंत्रः। मुखे शब्दात् पंचगृह यंत्रादयोपि।

प्रथम वक्षस्कार में विसम कोष्टक यंत्र प्रकारों का वर्णन मूल की ५० गाथा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तक में है। द्वितीय वक्षस्कार में सम कोष्टक करण का अधिकार गाथा ११३ तक में है। ये दो अधिकार ही सबसे बड़े हैं। इनमें भी पहले से दूसरा अधिकार बड़ा है। प्रथम अधिकार की टीका पत्रांक ३२ वें में समाप्त होती है। और दूसरे अधिकार की टीका पत्रांक ८० में। तीसरे अधिकार में चतुरस्र यंत्र करण का १२३ वीं गाथा में समापन होता है और चौथा अधिकार वृत्त कोष्टकाधिकार है जिसमें वृत्त यंत्रों के लिखने की विधि है। १४४ की गाथा में यह समाप्त होता है। अन्तिम २ गाथा उपसंहार प्रशस्ति के रूप में हैं। टीका में आगम गच्छ के देवरत्न सूरि को जयाणंद सूरि का पट्टालंकार बतलाया है। ग्रन्थकार शील सिंह देवरत्न सूरि का शिष्य था। ग्रन्थ में रचना का समय भी नहीं दिया गया है। पर, शील सिंह १४वीं शताब्दी में हुए लगते हैं। अपने विषय का यह ग्रन्थ बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

शील सिंह की अन्य रचनाओं की खोज भी की जानी चाहिये। और प्रस्तुत ग्रन्थ को हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित करना चाहिए। ग्रन्थकार ने कहीं-कहीं किस यंत्र से क्या लाभ होता है—यह भी बतलाया है। इस विषय में अन्य किसी ग्रन्थ में विशेष विवरण मिलता हो तो उसके साथ इस पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाना चाहिये।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भगवान् महावीर की अध्यात्म देशना

श्रीमान् पं० पन्नालालजी, साहित्याचार्य, सागर

लोक व्यवस्था

जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन छह द्रव्यों के समूह को लोक कहते हैं। इनमें सुख-दुःख का अनुभव करनेवाला अतीत घटनाओं का स्मरण करनेवाला, तथा आगामी कार्यों का संकल्प करनेवाला द्रव्य, जीवद्रव्य कहलाता है। जीवद्रव्य में ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य आदि अनेक गुण विद्यमान हैं। उन गुणों के द्वारा इसका बोध स्वयं होता रहता है। पुद्गल द्रव्य स्पष्ट ही दिखाई देता है। यद्यपि सूक्ष्म पुद्गल दृष्टिगोचर नहीं होता तथापि उनके संयोग से निर्मित स्कन्ध पर्याय उनके अनुभव में आता है और उसके माध्यम से सूक्ष्म पुद्गल का भी अनुमान कर लिया जाता है। जीव और पुद्गल के चलने में जो सहायक होता है उसे धर्म द्रव्य कहा गया है और जो उक्त दोनों द्रव्यों के ठहरने में सहायक होता है वह अधर्म द्रव्य कहलाता है। पुद्गल द्रव्य और उसके साथ सम्बद्ध जीव-द्रव्य की गति तथा स्थिति को देखकर उनके कारणभूत धर्म अधर्म द्रव्य का अस्तित्व अनुभव में आता है। समस्त द्रव्यों के पर्यायों के परिवर्त्तन में जो सहायक होता है उसे काल द्रव्य कहते हैं। पुद्गल के परिवर्तित पर्याय दृष्टिगोचर होते हैं, इससे काल द्रव्य का अस्तित्व जाना जाता है। जो सब द्रव्यों को निवास देता है वह आकाश कहलाता है। इस तरह आकाश का भी अस्तित्व सिद्ध हो जाता है।

जीवादि छह द्रव्यों में एक पुद्गल द्रव्य ही मूर्तिक है—स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण से सहित होने के कारण इन्द्रियग्राह्य द्रव्य है। शेष पाँच द्रव्य अमूर्तिक हैं—रूपादि से रहित होने के कारण इन्द्रियग्राह्य नहीं हैं। जीवद्रव्य, अपने ज्ञान-गुण से सबको जानता है और पुद्गल द्रव्य उसके जानने में माध्यम बनता है इसलिये कोई द्रव्य मूर्तिक हो अथवा अमूर्तिक, जीव के ज्ञान से बाहर नहीं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रहता। पुद्गल द्रव्य के माध्यम होने की बात परोक्ष ज्ञान—इन्द्रियाधीन ज्ञान में ही रहती है, प्रत्यक्ष ज्ञान में नहीं।

असंख्यात प्रदेशी लोकाकाश के भीतर सब द्रव्यों का निवास है इसलिये सब द्रव्यों का परस्पर संयोग तो हो रहा है पर सबका अस्तित्व अपना-अपना स्वतन्त्र रहता है। एक द्रव्य का दूसरे द्रव्य में अत्यन्तता भाव रहता है इसलिये संयोग होने पर भी एक द्रव्य दूसरे द्रव्य का रूप परिणमन त्रिकाल में भी नहीं करता है। यह लोक की व्यवस्था अनादि अनन्त है। इसे न किसी ने उत्पन्न किया है और न कोई इसे नष्ट कर सकता है। धर्म, अधर्म, आकाश, काल और घटपटादि रूप पुद्गल द्रव्य जीव द्रव्य से पृथक् हैं, इसमें किसी को सन्देह नहीं परन्तु कर्म निकर्म रूप जो पुद्गल द्रव्य, जीव के साथ अनादिकाल से लग रहा है, उसमें अज्ञानी जीव भ्रम में पड़ जाता है। वह, इस पुद्गल द्रव्य और जीव को पृथक् पृथक् अनुभव न कर एक रूप ही मानता है—जो शरीर है वही जीव है। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु इन चार पदार्थों के संयोग से उत्पन्न हुई एक विशिष्ट प्रकार की शक्ति ही जीव कहलाती है। जीव नाम का पदार्थ, इन पृथ्वी आदि पदार्थों से भिन्न पदार्थ नहीं है। शरीर के उत्पन्न होने से जीव उत्पन्न होता है और शरीर के नष्ट होने से जीव नष्ट हो जाता है। जब जीव नाम का कोई पृथक् पदार्थ ही नहीं है तब परलोक का अस्तित्व स्वतः समाप्त हो जाता है। यह जीव विषयक अज्ञान का सबसे वृहद रूप है। यह चार्वाक का सिद्धान्त है तथा दर्शनकारों ने इसे नास्तिक दर्शनों में परिगणित किया है।

आत्मा का स्वरूप

अनेक पदार्थों से भरे हुए विश्व में आत्मा का पृथक् अस्तित्व स्वीकृत करना आस्तिक दर्शनों की प्रथम भूमिका है। आत्मा का अस्तित्व स्वीकृत करने पर ही अच्छे-बुरे कार्यों का फल तथा परलोक का अस्तित्व सिद्ध हो सकता है। अमृतचन्द्र आचार्य ने आत्मा का अस्तित्व प्रदर्शित करते हुए कहा है—

अस्ति पुरुषश्चिदात्मा विवर्जितः स्पर्शगन्धरसवर्णैः।
गुणपर्ययसमवेतः समाहितः समुदयव्ययध्रौव्यैः॥

पुरुष—आत्मा है और वह चैतन्यस्वरूप है, स्पर्श, रस, गन्ध तथा वर्ण नामक पौद्गलिक गुणों से रहित है, गुण और पर्यायों से तन्मय है तथा उत्पाद व्यय और ध्रौव्य से रहित है।

किसी भी पदार्थ का वर्णन करते समय आचार्यों ने दो दृष्टियाँ अङ्गीकृत की हैं—एक दृष्टि स्वरूपोपादान की है और दूसरी दृष्टि पररूपापोहन की। स्वरूपोपादान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की दृष्टि में पदार्थ का अपना स्वरूप बताया जाता है और पररूपापोहन की दृष्टि में परपदार्थ से उसका पृथक्करण किया जाता है। पुरुष—आत्मा चैतन्यरूप है, यह स्वरूपोपादान दृष्टि का कथन है और स्पर्शादि से रहित है, यह पररूपापोहन दृष्टि का कथन है। देख, तेरा आत्मा तो चैतन्य स्वरूप है, ज्ञाता द्रष्टा है और उसके साथ जो शरीर लग रहा है वह पौद्गलिक पर्याय है। यह जो स्पर्शरसगन्ध तथा वर्ण अनुभव में आते हैं वे इसी शरीर के धर्म हैं, उन्हें तू आत्मा नहीं समझ बैठना। तेरा यह आत्मा सामान्य विशेष रूप अनेक गुणों तथा स्वभाव और विभावरूप पर्यायों से सहित है। साथ ही परिणमनशील होने से उत्पादव्यय और ध्रौव्य से युक्त है।

अध्यात्म शब्द का अर्थ

उपर्युक्त प्रकार से परपदार्थों से भिन्न आत्मा का अस्तित्व स्वीकृत करना अध्यात्म की प्रथम भूमिका है। *'आत्मनि इति अध्यात्मम्'* इस प्रकार अव्ययीभाव समास के द्वारा अध्यात्म शब्द निष्पन्न होता है और उसका अर्थ होता है आत्मा में अथवा आत्मा के विषय में। अशुद्ध और शुद्ध के भेद से जीव का परिणमन दो प्रकार का होता है। जिसके साथ नोकर्म द्रव्य कर्म और भावकर्म रूप पर पदार्थ का संसर्ग हो रहा है ऐसा संसारी जीव अशुद्ध जीव कहलाता है और जिसके साथ उपर्युक्त परपदार्थ का संसर्ग नहीं है ऐसा सिद्ध परमेष्ठी शुद्ध जीव कहलाता है। अशुद्ध जीव उस सुवर्ण के समान है जिसमें अन्य धातुओं के संमिश्रण से अशुद्धता आ गई है और शुद्ध जीव उस सुवर्ण के समान है जिसमें से अन्य धातुओं का संमिश्रण अलग हो गया है। जिस प्रकार चतुर स्वर्णकार की दृष्टि में यह बात अनायास आ जाती है कि इस स्वर्ण में अन्यद्रव्य का संमिश्रण कितना है और स्वद्रव्य का अस्तित्व कितना है। उसी प्रकार ज्ञानी जीव की दृष्टि में यह बात अनायास आ जाती है कि आत्मा में अन्य द्रव्य का संमिश्रण कितना है और स्वद्रव्य का अस्तित्व कितना है। जिस पुरुष ने स्वद्रव्य—आत्मद्रव्य में मिले हुए परद्रव्य का अस्तित्व पृथक् समझ लिया वह एक दिन स्वद्रव्य की सत्ता से परद्रव्य की सत्ता को नियम से निरस्त कर देगा, यह निश्चित है।

स्वभाव-विभाव

शरीर को नो कर्म कहते हैं। यह नो कर्म स्पष्ट ही पुद्गल द्रव्य की परिणति है इसीलिये तो स्पर्श, रस, गन्ध, और वर्ण से सहित है। इसमें आत्मा को पृथक्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुभव करना यह अध्यात्म की पहली सीढ़ी है। ज्ञानावरणादिक द्रव्य कर्म, पौद्गलिक होने पर भी इतने सूक्ष्म हैं कि वे इन्द्रियों के द्वारा जाने नहीं जा सकते। साथ ही आत्मा के साथ इतने घुले-मिले हुए हैं कि एक भव से दूसरे भव में भी उसके साथ चले जाते हैं। उन द्रव्य कर्मों को आत्मा से पृथक् अनुभव करना यह अध्यात्म की दूसरी सीढ़ी है।

द्रव्यकर्म के उदय से होनेवाला विकार आत्मा के साथ इस प्रकार तन्मयीभाव को प्राप्त होता है कि अच्छे-अच्छे ज्ञानी जीव भी भ्रान्ति में पड़ जाते हैं। अग्नि का स्पर्श उष्ण है तथा रूप भास्वर है पर जब वह अग्नि पानी में प्रवेश करती है तब अपने भास्वररूप को छोड़कर पानी के साथ इस प्रकार मिलती है कि सब लोग उस उष्णता को अग्नि की न मानकर पानी की ही मानने लगते हैं। 'पानी उष्ण है' यह व्यवहार उसी मान्यतामूलक है। इसी प्रकार द्रव्यकर्म के उदय में होनेवाले रागादिक विकारी भाव, आत्मा के साथ इस खूबी से मिलते हैं कि अलग से उनका अस्तित्व अनुभव में नहीं आता। तन्मयीभाव से आत्मा के साथ मिले हुए रागादिक विकारी भावों को आत्मा से पृथक् अनुभव करना अध्यात्म की तीसरी सीढ़ी है।

ज्ञानी जीव स्वभाव और विभाव के अन्तर को समझता है। वह समझता है कि स्वभाव कहीं बाहर से नहीं आता, वह स्व में सदा विद्यमान रहता है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि स्वभाव का द्रव्य के साथ त्रैकालिक तन्मयीभाव रहता है। और विभाव, वह कहलाता है जो स्व में पर के निमित्त से उत्पन्न होता है। जब तक पर का संसर्ग रहता है तब तक वह विभाव रहता है और जब पर संसर्ग छूट जाता है तब वह विभाव भी दूर हो जाता है। जैसे शीतलता पानी का स्वभाव है, वह कहीं बाहर से नहीं आती परन्तु उष्णता पानी का विभाव है क्योंकि वह अग्नि के संसर्ग से आती है। जबतक अग्नि का संसर्ग रहता है तबतक पानी में उष्णता रहती है और जब अग्नि का संसर्ग दूर हो जाता है। तब उष्णता भी दूर हो जाती है। ज्ञानदर्शन, आत्मा का स्वभाव है, यह कहीं बाहर से नहीं आता परन्तु रागादिक विभाव है क्योंकि वे द्रव्यकर्म की उदयावस्था से उत्पन्न होते हैं और उसके नष्ट होते ही नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए उनका आत्मा के साथ त्रैकालिक तन्मयीभाव नहीं है। इस प्रकार परपदार्थ से भिन्न अपनी आत्मा के अस्तित्व का अनुभव करना अध्यात्म का प्रयोजन है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अध्यात्म और स्वरूप निर्भरता

ज्ञानी जीव अपने चिन्तन का लक्ष्य वाह्यपदार्थों को न बनाकर आत्मा को ही बनाता है। वह प्रत्येक कारणकलाप को आत्मा में ही खोजता है। सुख-दुःख, हानि-लाभ, संयोग-वियोग आदि के प्रसङ्ग इस जीव को निरन्तर प्राप्त होते रहते हैं। अज्ञानी जीव ऐसे प्रसङ्गों पर सुख-दुःख का कारण अन्य पदार्थों को मानकर उनमें इष्ट-अनिष्ट बुद्धि करता है जबकि ज्ञानी जीव, उन सभी का कारण अपनी परिणति को मानकर वाह्य पदार्थों में इष्ट-अनिष्ट की कल्पना से दूर रहता है। ज्ञानी-जीव विचार करता है कि मैंने जो भी अच्छा-बुरा कर्म किया है उसी का फल मुझे प्राप्त होता है। दूसरे का दिया हुआ सुख-दुःख यदि प्राप्त होने लगे तो अपना किया हुआ कर्म व्यर्थ हो जाय*। पर ऐसा होता नहीं है।

ज्ञानी जीव की यह श्रद्धा रहती है कि मैं परपदार्थ से भिन्न और स्वकीय गुणपर्यायों से अभिन्न आत्मतत्त्व हूँ तथा उसी की उपलब्धि के लिये प्रयत्नशील हूँ। इसकी उपलब्धि, अनादिकाल में श्रुत परिचित और अनुभूत कामभोगबन्ध की कथा से नहीं हो सकती। उसकी प्राप्ति तो परपदार्थों से लक्ष्य हटाकर स्वरूप-विनिवेश—अपना उपयोग अपने आप में ही स्थिर करने से हो सकती है। अध्यात्म के सुन्दर उपवन में बिहार करनेवाला पुरुष, बाह्य-जगत् से पराङ्मुख रहता है। वह अपने ज्ञाता द्रष्टा स्वभाव का ही बारबार चिन्वन कर उसमें बाधा डालनेवाले रागादि विकारी भावों को दूर करने का प्रबल प्रयत्न करता है। द्रव्यकर्म की उदयावस्था का निमित्त पाकर यद्यपि उसकी आत्मा में रागादि विकारभाव प्रगट हो रहे हैं तथापि उसकी श्रद्धा रहती है कि यह तो एक प्रकार का तूफान है, मेरा स्वभाव नहीं है, मेरा स्वभाव तो अत्यन्त शान्त है—पूर्ण वीतराग है। पदार्थ को जानना, देखना ही मेरा काम है, उसमें इष्ट-अनिष्ट की कल्पना करना मेरा काम नहीं है, मैं तो अबद्ध-स्पृष्ट तथा पर से असंयुक्त हूँ। अध्यात्म इसी आत्मनिर्भरता के मार्ग को स्वीकृत करता है।

यद्यपि जीव की वर्त्तमान में बद्ध स्पृष्ट दशा है और उसके कारण रागादि विकारी भाव उसके अस्तित्व में प्रलीन हो रहे हैं तथापि अध्यात्म, जीव के अबद्धस्पृष्ट और उसके फलस्वरूप रागादिरहित—वीतराग स्वभाव की ही अनुभूति

---

* स्वयं कृतं कर्म यदात्मना पुरा फलं तदीयं लभते शुभाशुभम्।
परेण दत्तं यदि लभ्यते स्फुटं स्वयं कृतं कर्म निरर्थकं तदा॥ अमितगति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कराता है। स्वरूप की अनुभूति कराना ही अध्यात्म का उद्देश्य है अतः संयोगज दशा और संयोगज भावों की ओर से वह मुमुक्षु का लक्ष्य हटा देना चाहता है। उसका उद्घोष है कि हे मुमुक्ष प्राणी! यदि तू अपने स्वभाव की ओर लक्ष्य नहीं करता है तो इस संयोगज दशा और तज्जन्य विकारों को दूर करने का तेरा पुरुषार्थ कैसे जागृत होगा?

ज्ञानी जीव, कर्म नो कर्म और भाव कर्म से तो आत्मा को पृथक् अनुभव करता ही है परन्तु ज्ञेय ज्ञायक भाव और भाव्य भावक भाव की अपेक्षा भी आत्मा को ज्ञेय तथा भाव्य से पृथक् अनुभव करता है। जिस प्रकार दर्पण, अपने में प्रतिबिम्बित मयूर से भिन्न है उसी प्रकार आत्मा, अपने ज्ञान में आये हुए घट पटादि ज्ञेयों से भिन्न है और जिस प्रकार दर्पण, ज्वालाओं के प्रतिबिम्ब से संयुक्त होने पर भी तज्जन्य ताप से उन्मुक्त रहता है इसी प्रकार आत्मा, अपने अस्तित्व में रहनेवाले सुख-दुःख रूप कर्म के फलानुभव से रहित है। ज्ञानी जीव मानता है कि मैं [1]निश्चय से एक हूँ, शुद्ध हूँ, दर्शन ज्ञान से तन्मय हूँ, सदा अरूपी हूँ, अन्य परमाणु मात्र भी मेरा नहीं है। ज्ञानी यह भी[2] मानता है कि ज्ञान दर्शन लक्षण वाला एक शाश्वत आत्मा ही मेरा है, संयोग लक्षण वाले शेष समस्त भाव मुझसे बाह्य हैं।

इस प्रकार के भेदविज्ञान की महिमा बतलाते हुए भी अमृतचन्द्र सूरि ने समयसार कलशा में कहा है—

> भेद विज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन।
> तस्यैव भावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन॥

आज तक जितने सिद्ध हुए हैं वे भेद विज्ञान से ही सिद्ध हुए हैं और जितने संसार में बद्ध हैं वे सब भेद विज्ञान के अभाव से ही बद्ध हैं।

---

१ अहमिक्को खलु शुद्धो दंसणणाणमइयो सदा रूवी।
णवि अत्थि मज्झ किंचिवि अण्णं परमाणुमित्तं वि॥
समयसार, कुन्दकुन्द

२—एगो मे सासदो अप्पा णाण दंसण लक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा॥
नियमसार कुन्दकुन्द

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अध्यात्म और नय व्यवस्था—

वस्तु स्वरूप का अधिगम—ज्ञान, प्रमाण और नय के द्वारा होता है। प्रमाण वह है जो पदार्थ में रहनेवाले परस्पर विरोधी दो धर्मों को एक साथ ग्रहण करता है और नय वह है जो परस्पर विरोधी दो धर्मों में से एक को प्रमुख तथा दूसरे को गौण कर विवक्षानुसार क्रम से ग्रहण करता है। नयों का विवेचन करनेवाले आचार्यों ने उनका शास्त्रीय—आगमिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विवेचन किया है। शास्त्रीय दृष्टि की नय विवेचना में नय के द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक तथा उनके नैगमादि सात भेद निरूपित किये गये हैं और आध्यात्मिक दृष्टि की नय विवेचना में उसके निश्चय तथा व्यवहार भेदों का निरूपण है। इस विवेचना में द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक, दोनों ही निश्चय में समा जाते हैं और व्यवहार में उपचार कथन रह जाता है।

शास्त्रीय दृष्टि में वस्तु स्वरूप की विवेचना का लक्ष्य रहता है और आध्यात्मिक दृष्टि में उस नय विवेचना के द्वारा आत्मा के शुद्ध स्वरूप को प्राप्त करने का अभिप्राय रहता है। जिस प्रकार वेदान्ती ब्रह्म को केन्द्र में रखकर जगत् के स्वरूप का विचार करते हैं उसी प्रकार आध्यात्मिक दृष्टि, आत्मा को केन्द्र में रखकर विचार करती है। इस दृष्टि में शुद्ध-बुद्ध एक आत्मा ही परमार्थ सत् है और उसकी अन्य सब दशाएँ व्यवहार सत्य हैं। इसीलिये उस शुद्ध-बुद्ध आत्मा का विवेचन करनेवाली दृष्टि को परमार्थ और व्यवहार दृष्टि को अपरमार्थ कहा जाता है। तात्पर्य यह है कि निश्चय दृष्टि आत्मा के शुद्ध स्वरूप को दिखलाती है और व्यवहार दृष्टि अशुद्ध स्वरूप को। अध्यात्म का लक्ष्य शुद्ध आमत्वरूप को प्राप्त करने का है इसलिये वह निश्चय दृष्टि को प्रधानता देता है। अपने गुण पर्यायों से अभिन्न आत्मा के त्रैकालिक-स्वभाव को ग्रहण करना निश्चय दृष्टि का कार्य है और कर्म के निमित्त से होनेवाली आत्मा की परिणति को ग्रहण करना व्यवहार दृष्टि का विषय है। निश्चय दृष्टि, आत्मा में काम, क्रोध मान, माया, लोभ आदि विकारों को स्वीकृत नहीं करती। चूंकि वे पुद्गल के निमित्त से होते हैं अतः उन्हें पुद्गल माननी है[1] इसी तरह गुणस्थान

१—ए ए सव्वे भावा पुग्गल दव्व परिणामणिप्पण्णा।
केवलिजिणेहि भणिया कहने जीवो ति वुच्चंति॥

२.—णेव य जीवट्ठाणा ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स।
जेण दु एदे सव्वे पुग्गल दव्वस्स परिणामा॥ समयसार कुन्द-कुन्द

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तथा मार्गणा आदि के विकल्प जीव के स्वभाव नहीं हैं अतः निश्चय दृष्टि उन्हें स्वीकृत नहीं करती। इन सब को आत्मा कहना व्यवहार दृष्टि का कार्य है।

अध्यात्म, निश्चयदृष्टि—निश्चय नय को प्रधानता देता है, इसका यह अर्थ ग्राह्य नहीं है कि वह व्यवहार दृष्टि को सर्वथा उपेक्षित कर देता है। आत्म-तत्त्व की वर्तमान में जो अशुद्ध दशा चल रही है उसका सर्वथा निषेध कैसे किया जा सकता है? यदि उसका सर्वथा निषेध किया जाता है तो उसे दूर करने के लिये मोक्ष मार्ग रूप पुरुषार्थ व्यर्थ सिद्ध होता है। अध्यात्म की निश्चय दृष्टि का अभिप्राय इतना ही है कि हे प्राणी! तू इस अशुद्ध दशा को आत्मा का स्वभाव मत समझ। यदि स्वभाव समझ लेगा तो उसे दूर करने का तेरा पुरुषार्थ समाप्त हो जायगा। आत्मद्रव्य शुद्धाशुद्ध पर्यायों का समूह है, उसे मात्र शुद्ध पर्याय रूप मानना संगत नहीं है। जिस पुरुष ने वस्त्र की मलिन पर्याय को ही वस्त्र का वास्तविक रूप समझ लिया है वह उसे दूर करने का पुरुषार्थ क्यों करेगा? वस्तु स्वरूप के विवेचन में अनेकान्त का आश्रय ही स्व पर हितकारी है अतः अध्यात्म वादी की दृष्टि उस पर होना अनिवार्य है।

अध्यात्म और कार्यकारण भाव

कार्य की सिद्धि में उपादान और निमित्त इन दो कारणों की आवश्यकता रहती है। उपादान वह कहलाता है जो स्वयं कार्यरूप परिणत होता है और निमित्त वह कहलाता है जो उपादान की कार्यरूप परिणति में सहायक होता है। मिट्टी, घट का उपादान कारण है और कुम्भकार, चक्र, चविर आदि निमित्त कारण हैं। जिस मिट्टी में बालू के कणों की प्रचुरता होने से घटाकार परिणत होने की योग्यता नहीं है उसके लिये कुम्भकारादि निमित्त कारण मिलने पर भी उससे घट का निर्माण नहीं हो सकता। इसी प्रकार जिस स्निग्ध मिट्टी में घटाकार परिणत होने की योग्यता है, उसके लिये यदि कुम्भकारादि निमित्त कारणों का योग नहीं मिलता है तो उससे घट का निर्माण नहीं हो सकता। फलितार्थ यह है कि घट की उत्पत्ति में मिट्टी रूप उपादान और कुम्भकारादि रूप निमित्त—दोनों कारणों की आवश्यकता है। इस अनुभव सिद्ध और लोकसंमत कार्य कारण भाव का निषेध न करते हुए अध्यात्म, मुमुक्षु प्राणी के लिये यह देशना भी देता है कि तू आत्मशक्ति को सबसे पहले सँभाल, यदि तू मात्र निमित्त कारणों की खोजबीन में उलझा रहा और अपनी आत्मशक्ति की ओर लक्ष्य नहीं किया तो उन निमित्त कारणों से तेरा कौन-सा कार्य सिद्ध हो जायगा? जो किसान, खेत

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अध्यात्म और नय व्यवस्था—

वस्तु स्वरूप का अधिगम—ज्ञान, प्रमाण और नय के द्वारा होता है। प्रमाण वह है जो पदार्थ में रहनेवाले परस्पर विरोधी दो धर्मों को एक साथ ग्रहण करता है और नय वह है जो परस्पर विरोधी दो धर्मों में से एक को प्रमुख तथा दूसरे को गौण कर विवक्षानुसार क्रम से ग्रहण करता है। नयों का विवेचन करनेवाले आचार्यों ने उनका शास्त्रीय—आगमिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विवेचन किया है। शास्त्रीय दृष्टि की नय विवेचना में नय के द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक तथा उनके नैगमादि सात भेद निरूपित किये गये हैं और आध्यात्मिक दृष्टि की नय विवेचना में उसके निश्चय तथा व्यवहार भेदों का निरूपण है। इस विवेचना में द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक, दोनों ही निश्चय में समा जाते हैं और व्यवहार में उपचार कथन रह जाता है।

